42

श्री पञ्चकम्

(हिन्दी अनुवाद)

मूल लेखक (तमिल)
श्री सी. वी. स्वामिशास्त्री

आनन्दानन्दनाथ प्रकाशन द्वितीय पुष्प

श्री पञ्चकम्

42

मूल तमिल-ग्रन्थ के लेखक

"श्रीविद्यावाचस्पति" "श्रीविद्यामार्तण्ड"

पूज्य श्री सी. वी. स्वामीशास्त्रीजी

(श्री. अनन्तानन्दनाथ, मद्रास)

हिन्दी अनुवादिका

श्रीमती सौ. कुसुम जोशी,

एम. ए.

प्रकाशक

आनन्दानन्दनाथ भक्त मण्डली,

इन्दौर (मध्यप्रदेश)

गुरुपूर्णिमा
सं. २०४१

मूल्य
१२/=

प्रकाशक :
आनन्दानन्दनाथ भक्त मण्डली
इन्दौर (म. प्र.)

प्रथम संस्करण
१९८४
१००१ प्रति

मूल्य

पुस्तक प्राप्ति स्थान :


श्रीमती वी. श्यामलादेवी
११, कृष्णापुरम् शुळेमेढ
मद्रास ९४
पिनकोड ६०० ०९४

श्री राजकमल आसोपा
४१, आदर्श नगर,
इन्दौर

डा. आर. बी. दवे
द्वारा/श्री बी. यु. पण्ड्या
३०६, मिन्ट स्ट्रीट दूसरी मंजिल
मद्रास ३
पिनकोड ६००००३

चन्द्रशेखर पाठक
१८/६, पारसी मोहल्ला,
इन्दौर-१ (म. प्र.)
पिनकोड ४५२००१

पुस्तक के प्रणेता



प. पू. "श्री विद्यावाचस्पति" "श्री विद्यामार्तण्ड"

श्री. सी. व्ही. स्वामी शास्त्रीजी

जन्म ७-२-१९००

निर्वाण ६-९-१९

समर्पण

प. पू. श्री ११०८ परम गुरुदेव

श्री आनन्दानन्दनाथ


एवं

प. पू. श्री अनन्तानंदनाथ

के

पुनीत चरण कमलों में सभक्ति समर्पित

पूज्य गुरुदेव




आचार्य श्री विमलानन्दनाथ

[आपकी सद् प्रेरणा से श्री सी. वी. स्वामिशास्त्री
की स्मृति में प्रकाशित]

अनुक्रमणिका

खण्ड (ब)

卐



श्री कामाक्षी

॥ श्रीः ॥

श्री चन्द्रमौलीश्वराय नमः

श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यवर्य

जगद्गुरु-श्रीशङ्करभगवत्पादाचार्यपरम्परागतं

श्रीकामकोटिपीठमहासंस्थानम्

काञ्चीपुरम्

यात्रास्थानम् काञ्चीपुरम् ४-५-१९८५

द्राविडप्रान्ते श्रीविद्याचार्यत्वेन प्रसिद्धैः श्रीस्वामिशास्त्रिभिः तमिळ्भाषायां रचितस्य श्रीपञ्चकाव्यग्रन्थस्य हिन्द्यनुवादः अस्मत्समक्षमुपहृतः।

श्रीविद्योपदेशपरम्परायां प्रथितानां श्रीपुर-श्रीचक्र-श्रीविद्या-श्रीगुरु-श्रीसूक्तानां महिमानः अत्र ग्रन्थे पृथक् पृथक् विशदीकृताः। किञ्च दीक्षाप्रभेदाः, संन्यासाश्रमम्, जगतः शिव-शक्तिमयत्वम्, श्रीचक्रभावना, शक्तिपीठविवरण-मित्यादिविशेषाश्च सम्यक् निरूपिताः।

वल्लभमहागणपत्यादिनामावलीभिः, बाला दुर्गादिस्तोत्रैश्च पूरितमिमं ग्रन्थं श्रीविद्योपासकाः गुरुसाहाय्येन पठित्वा, अर्थावबोधपूर्वकं श्रीविद्योपासनेन श्रेयः श्रेयः-परम्पराः अवाप्नुयुरित्याशास्महे।

नारायणस्मृतिः

॥ श्री ॥

श्रीपञ्चक--पातनिका

'श्रीपञ्चक' आद्यन्त देख गया हूँ। प्रस्तुत कृति गुजराती से रूपान्तरित है। प्रस्तुत कृति में निम्नलिखित पाँच तत्वों की चर्चा की गई है।

श्रीपुरम्, श्रीचक्र, श्रीविद्या, श्रीगुरु तथा श्रीसूक्त। कहा जाता है कि चतुर्दश विद्याओं का सार है। वेदत्रयी और वेद का सार गायत्री। गायत्री भी दो प्रकार की है—परा और अपरा। अपरा गायत्री सर्वश्रुत है—इसमें चौबीस अक्षर हैं और वे तीन पादों में विभक्त हैं। इसमें कभी-कभी आठ अक्षरों का चतुर्थ पाद भी किसी खास आध्यात्मिक प्रयोजन से जोड़ दिया जाता है। गायत्री मन्त्र का परा रूप रहस्यमय है—इसे पञ्च दशाक्षरिका श्रीविद्या के नाम से जाना जाता है। गुरु द्वारा मोक्षोपलब्धि के निमित्त रहस्यात्मक ढंग से शिष्य को प्रदान की जाती है। इसीलिए वरिवस्या-रहस्यकार श्री भास्करराय ने ठीक ही कहा है—

कामो योनिः कमलेत्येवं सांकेतिकैः शब्दैः।
व्यवहरति न तु प्रकटं यां वेद पुरुषोऽपि॥

यहाँ तक कि वेद पुरुष भी इस मन्त्र को सांकेतिक शब्दों से ही व्यवहार करता है। शांखायन श्रुति में कहा गया है :—

प्रत्न्येषा

कामो योनिः कमला वज्रपाणि गुंहाहसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः; ।
पुनर्गुहा सकला मायया च पुरुच्येषा विश्वमाताऽऽदिविद्या ॥

इन सांकेतिक शब्दों से पञ्च दशाक्षरिका श्रीविद्या मन्त्र उक्त हुआ है। वरिवस्या रहस्य नामक पुस्तक में श्री भास्कर राय ने इस मन्त्र का अनेकविध विस्तार से व्याख्यान किया है।

श्रीविद्या का स्थूल शरीर श्रीचक्र है। यह महात्रिपुर सुन्दरी का निवास स्थान माना जाता है। यह श्री चक्र ब्रम्हाण्ड तथा पिण्ड-दोनों का प्रतीक है। इसमें ४ शिव कोण तथा पांच शक्ति कोण होते हैं। दोनों के योग से सम्पूर्ण चक्र बनता है। इनका मुख एक दूसरे के विपरीत रहता है। सृष्टि क्रम में पाँच शक्ति त्रिकोण ऊर्ध्वमुख रहते हैं और चार शिव कोण अधोमुख रहते हैं। लय क्रम में शक्ति त्रिकोण अधोमुख और शिव त्रिकोण ऊर्ध्वमुख हो जाते हैं। प्रथम केन्द्रीय त्रिकोण, जिसके केन्द्र में शंभु का स्थान है—को छोड़कर शेष त्रिकोणों की संख्या ४२ है। कुल मिलाकर ४३ त्रिकोण हैं। सौंदर्य लहरी में इसी श्रीचक्र को स्पष्ट करते हुए कहा गया है—

चतुर्भिः श्री कण्ठैः शिवयुवतिभिः पंचभिरपि
प्रभिन्नाभिः शंभोर्नवभिरपि मूल प्रकृतिभिः।
त्रयश्चत्वारिंशद् वसुदल कलाश्र (श्च) त्रिवलय
त्रिरेखाभिः सार्धं तव शरण (भवन) कोणाः परिणताः ॥

अर्थात् चार श्री कंण्ठ और पांच शिव युवतियाँ-इन नव मूल प्रकृतियों से ४३ त्रिकोण बनते हैं, जो शंभु के बिन्दु स्थान से भिन्न हैं। वे तीन वृत्तों और तीन रेखाओं सहित आठ और सोलह दलों से युक्त हैं। तैत्तिरीयारण्यक में कहा है कि पृश्नि ऋषियों ने श्री चक्र की पूजा की थी और उसकी सहायता से कुण्डलिनी शक्ति का जागरण करके उसे सहस्रार में स्थित किया था। इस प्रकार कहने का आशय यह कि श्री चक्र की अधिष्ठात्री शक्ति है—महात्रिपुर सुन्दरी और श्री चक्र है उसका वास स्थान (शरीर) कहा है।

३

शरीरं चिन्तयेदादौ निजं श्री चक्ररूपिणम्

× × × ×

चतुर्भिः शिव चक्रैश्च शक्ति चक्रैश्च पञ्चभिः ।
नव चक्रैश्च संसिद्धं श्री चक्रं शिवयोः वपुः ॥

यों इस श्री चक्र का विस्तृत विवरण अन्यत्र भीं उपलब्ध है ।

श्री गुरुः

वरिवस्या रहस्यकार ने श्रीविद्या का सप्रपञ्च व्याख्यान करने के बाद अंततः कहा

सद्गुरु कुलतः कृपया लब्धं कामानियं सूते ।
निज बुद्धिमात्र जन्या पापं कन्या यथा स्वीया ॥

यदि श्रीविद्योपासना को सेवा से प्रसन्न गुरु कुल के घर से साधक लाता है तब तो वह उसकी समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती है किंतु परम्परा विहीन ज्ञानमात्र गर्वित व्यक्ति यदि उसे अन्यथा लाता है तब तो वह पाप करता है। निष्कर्ष यह कि इस परम्परा में श्री गुरु की अनिवार्यता है । यह गुरुतत्व भी नितान्त गभीर तत्व है। पराशक्ति ही मध्यमा भूमि पर गुरु शिष्य भावापन्न होकर परम सत्य को अवतरित करती है । गुरु शब्द की निरुक्ति देते हुए कहा गया है ।

गुकारोऽधकारः स्याद् रुकारस्तन्निरोधकृत् ।
अंधकार निरोधित्वाद् गुरुरित्यभिधीयते ॥

अज्ञानाधकार निरोधी होने के कारण गुरु को गुरु कहा जाता है ।

श्रीविद्या की उपासना के सन्दर्भ में मंत्र, चक्र, चक्र की अधिष्ठात्री शक्ति, श्रीपुर तथा श्री सूक्त का सम्यक् ज्ञान आवश्यक है। ज्ञान को आचरण से निरन्तर जोड़े रहना ही हिन्दू धर्म की उल्लेख्य विशेषता है। श्रुति कहती है–"विद्यया श्रद्धया उपनिषदावा वीर्यवत्तरं भवति" उपासना के संदर्भ में विद्या का अर्थ प्रयोग पद्धति अथवा व्यवहार विज्ञान से ही है। प्रयोग पद्धति में (मंत्र, यंत्र तथा तंत्र) का सम्यक् बोध ही समाविष्ट है। श्रद्धा का स्थूल अर्थ है–जो कार्य करना हो, उसका हृदय से सम्यक् योग होना चाहिए। हृदय से सम्यक् योग न होने पर विद्या का प्रयोग न तो सफल होता है और न ही वीर्यवत्तर। उपनिषद् तो रहस्य अथवा अन्तर्निहित तत्व का बोध है हीं। वा का अर्थ विकल्प भी है और समुच्चय भी। वीर्यवत्तर कहने का भी एक अभिप्राय है, और वह यह कि इन तीनों के योग से अथवा सर्वमूल श्रद्धा के होने से प्रयोग उत्तरोत्तर जोर पकड़ता है–वह वीर्यवत्तर हो जाता है। इनकी सहायता से प्रयोग बढ़ता रहेगा तो वीर्यवत्तम भी हो सकता है।

वस्तुतः उपासना, ज्ञान और क्रिया का मिलित और युग्म रूप है। श्री विद्या या पञ्च दशाक्षरिका का जप बिना ज्ञान पूर्वक क्रिया के कभी "समर्थ" नहीं हो सकता। यह तो सभी जानते हैं कि क्रियाहीन ज्ञान पङ्गु है और ज्ञान हीन क्रिया अंध। पहला वायवीय लोक में विचरण है और दूसरा, 'श्रम एव ही केवलम्"—अतः दोनों को परिणीत होना चाहिये। प्रज्ञा का शरीर इन दोनों के मिथुनभाव से सम्पन्न होता है। केवल ज्ञानी के लिए ही श्रुति कहती है–"भूयः तमः" और केवल क्रियावान् को–"अंधन्तम प्रविशन्ति" फलतः "उभयं सह" की बात कही गई है दोनों को साथ होना चाहिए। केवल क्रिया में तब भी कुछ सचेष्टता है, केवल ज्ञान में–विनियोग के एकान्त अभाव में–निश्चेष्टता ही निश्चेष्टता का घनीभूत अन्धकार है। दोनों के योग से ही, " मृत्युं तीर्त्वा.........अमृतमश्नुते " संभव है–अन्यथा जन्म-मरण के अंधेरे में ही चक्कर काटना रहेगा।

महात्रिपुर सुन्दरी की उपासना का फल मोक्ष ही नहीं, भोग भी है। पर यह भोग बद्धावस्था का भोग नहीं है, मुक्तावस्था का भोग है। यहाँ सिद्ध भोक्ता नहीं है, भोग होते हुए देखता है। कहा गया है—

श्रीसुन्दरी सेवनतत्पराणां भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव।
लेकिन साथ ही भोग का स्वरूप स्पष्ट करते हुए यह भी कहा गया है —

भोक्त्र्यास्तस्याः स्वतंत्रायाः भोग्यैकीकार एव सः।
स एव भोगः सा मुक्तिस्तदेव परमं पदम्॥

वह स्वतंत्रता महात्रिपुर सुंदरी भोग्य से एकीकृत हो जाती है। वहाँ भोग्य और भोक्त्री का पृथक् भाव समाप्त हो जाता है- यह दशा अपनी शक्ति से ही अपना आस्वाद लेना है।

मनीषी सौभाग्यवती कुसुम [redacted] जोशी ने (मूल तमिल) गुजराती से हिन्दी में इस कृति का अनुवाद करके हिन्दी जगत् का उपकार किया है- निश्चय ही हिन्दी जगत् उसका ऋणी है।

स्वतंत्रता दिवस
१५-८-८३

रामभूर्ती त्रिपाठी
देवास रोड़, उज्जैन

निवेदन

गुरुर्ब्रम्हा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात्परं ब्रम्ह तस्मै श्री गुरुवे नमः ॥

श्री गुरुनाथ की आज्ञा शिरोधार्य करके मैंने इस श्रीपंञ्चकम् का गुजराती भाषा से हिन्दी में अनुवाद करने का प्रयास किया है । लेकिन मैं स्वय इस विषय में अज्ञानी हूं । यह अनुवाद तो मेरे श्री गुरुनाथ के पूर्ण अनुग्रह एवं असीम अनुकंपा से पूर्ण हुआ है । यह अनुवाद कार्य मुझ पर भगवती एवं श्री गुरु की असीम कृपा का फल है जो कि मैं शब्दों द्वारा व्यक्त करने में असमर्थ हूं । मैं तो बस इतना ही कह सकती हूं—"गुरु कृपा हि केवलं शिष्य परममंगलम् ।"

परम पूज्य सी० वी० स्वामी शास्त्रीजी मद्रास के रहने वाले थे । उनका परिचय एवं अनुग्रह मेरे गुरु नाथ द्वारा हमें प्राप्त हुआ है । श्रीविद्या उपासना के क्षेत्र में श्री शास्त्रीजी भारत में अद्वितीय विभूति थे । वे आगम-निगम, वेद एवं तन्त्रशास्त्र के पूर्ण ज्ञाता थे । आपको तामिल, मलयालम एवं संस्कृत भाषा का अच्छा ज्ञान था । आप मेरे गुरु के गाढ़ मित्र एवं अग्रज सहोदर तुल्य ही थे । इसी कारण गुजराती एवं हिन्दी भाषी लोग आपके सम्पर्क में आये थे । आपने उपासना से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों की रचना की है । आपने श्रीविद्योपासकों के मार्गदर्शनार्थ इस पुस्तक "श्रीपंञ्चकम्" की रचना तामिल भाषा में अति संक्षिप्त रूप में की है । उन्होंने "श्रीविद्या" के गुजराती

उपासकों पर अनुग्रह करने के लिए मेरे श्री गुरुनाथ को तामिल से गुजराती भाषा में "श्रीपंञ्चकम्" का अनुवाद करने का आदेश दिया। उनकी इच्छानुसार श्री गुरुनाथ ने गुजराती "श्रीपंञ्चकम्" का हिन्दी में अनुवाद करने की मुझे आज्ञा प्रदान की। यह मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है।

परम पूज्य शास्त्रीजी के निधन से भारत की श्रीविद्योपासकों की नक्षत्र माला में से एक ज्वाज्वल्यमान नक्षत्र का विलीन होना श्रीविद्योपासकों के लिये एक दुःखद घटना है यह ऐसी क्षति हुई है जिसकी वर्तमान समय में क्षतिपूर्ति होना असम्भव है।

इस हिन्दी अनुवाद से हिन्दीभाषी श्रीविद्योपासक मार्ग दर्शन उपलब्ध करके श्री सच्चिदानन्द परब्रम्ह स्वरूपिणी, श्री चित्शक्तिस्वरूपिणी श्री राजराजेश्वरी श्री ललिता महात्रिपुर सुन्दरी का अनुग्रह प्राप्त करेंगे।

इस पुस्तक के प्रकाशन कार्य में जिन जिन बन्धुओं ने तन मन धन से सहायता दी है और डॉ. राममूर्ति त्रिपाठीजी एम. ए. डी. लिट् (अध्यक्ष हिन्दी विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन) ने परिश्रम पूर्वक "श्रीपंञ्चक पातनिका" गूढ़ रहस्य भरा हुआ लेख सरलता पूर्वक लिखा है उन सब के हम ऋणी एवं आभारी हैं। श्री परब्रह्मस्वरूपिणि, श्री सच्चिदानन्दरूपिणि परा भट्टारिका श्री राजराजेश्वरी श्री ललिता महात्रिपुर सुन्दरी परास्वा से हार्दिक प्रार्थना है कि अपने अनुग्रह से उन सब का जीवन यशस्वी सुखदायी एव क्षेम कुशल बनाए।

यदि इस पुस्तक के अनुवाद कार्य में कहीं भाषा सम्बन्धी त्रुटियां एवं अशुद्धियां रह गयी हों तो उन्हें मेरी भूल समझकर क्षमा करेंगे।

श्री गुरुचरणरज

सौ॰ कुसुम जोशी

निवेदन

गुरुर्ब्रम्हा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः ।
गुरुः साक्षात्परं ब्रम्ह तस्मै श्री गुरुवे नमः ॥

श्री गुरुनाथ की आज्ञा शिरोधार्य करके मैंने इस श्रीपंञ्चकम् का गुजराती भाषा से हिन्दी में अनुवाद करने का प्रयास किया है। लेकिन मैं स्वय इस विषय में अज्ञानी हूं। यह अनुवाद तो मेरे श्री गुरुनाथ के पूर्ण अनुग्रह एवं असीम अनुकंपा से पूर्ण हुआ है। यह अनुवाद कार्य मुझ पर भगवती एवं श्री गुरु की असीम कृपा का फल है जो कि मैं शब्दों द्वारा व्यक्त करने में असमर्थ हूं। मैं तो बस इतना ही कह सकती हूं—"गुरु कृपा हि केवलं शिष्य परममंगलम् ।"

परम पूज्य सी० वी० स्वामी शास्त्रीजी मद्रास के रहने वाले थे। उनका परिचय एवं अनुग्रह मेरे गुरु नाथ द्वारा हमें प्राप्त हुआ है। श्रीविद्या उपासना के क्षेत्र में श्री शास्त्रीजी भारत में अद्वितीय विभूति थे। वे आगम-निगम, वेद एवं तन्त्रशास्त्र के पूर्ण ज्ञाता थे। आपको तामिल, मलयालम एवं संस्कृत भाषा का अच्छा ज्ञान था। आप मेरे गुरु के गाढ़ मित्र एवं अग्रज सहोदर तुल्य ही थे। इसी कारण गुजराती एवं हिन्दी भाषी लोग आपके सम्पर्क में आये थे। आपने उपासना से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों की रचना की है। आपने श्रीविद्योपासकों के मार्गदर्शनार्थ इस पुस्तक "श्रीपंञ्चकम्" की रचना तामिल भाषा में अति संक्षिप्त रूप में की है। उन्होंने "श्रीविद्या" के गुजराती

उपासकों पर अनुग्रह करने के लिए मेरे श्री गुरुनाथ को तामिल से गुजराती भाषा में "श्रीपंञ्चकम्" का अनुवाद करने का आदेश दिया। उनकी इच्छानुसार श्री गुरुनाथ ने गुजराती "श्रीपंञ्चकम्" का हिन्दी में अनुवाद करने की मुझे आज्ञा प्रदान की। यह मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है।

परम पूज्य शास्त्रीजी के निधन से भारत की श्रीविद्योपासकों की नक्षत्र माला में से एक ज्वाज्वल्यमान नक्षत्र का विलीन होना श्रीविद्योपासकों के लिये एक दुःखद घटना है यह ऐसी क्षति हुई है जिसकी वर्तमान समय में क्षतिपूर्ति होना असम्भव है।

इस हिन्दी अनुवाद से हिन्दीभाषी श्रीविद्योपासक मार्ग दर्शन उपलब्ध करके श्री सच्चिदानन्द परब्रम्ह स्वरूपिणी, श्री चित्शक्तिस्वरूपिणी श्री राजराजेश्वरी श्री ललिता महात्रिपुर सुन्दरी का अनुग्रह प्राप्त करेंगे।

इस पुस्तक के प्रकाशन कार्य में जिन जिन बन्धुओं ने तन मन धन से सहायता दी है और डॉ. राममूर्ति त्रिपाठीजी एम. ए. डी. लिट् (अध्यक्ष हिन्दी विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन) ने परिश्रम पूर्वक "श्रीपंञ्चक पातनिका" गूढ़ रहस्य भरा हुआ लेख सरलता पूर्वक लिखा है उन सब के हम ऋणी एवं आभारी हैं। श्री परब्रह्मस्वरूपिणि, श्री सच्चिदानन्दरूपिणि परा भट्टारिका श्री राजराजेश्वरी श्री ललिता महात्रिपुर सुन्दरी पराम्बा से हार्दिक प्रार्थना है कि अपने अनुग्रह से उन सब का जीवन यशस्वी सुखदायी एव क्षेम कुशल बनाए।

यदि इस पुस्तक के अनुवाद कार्य में कहीं भाषा सम्बन्धी त्रुटियां एवं अशुद्धियां रह गयी हों तो उन्हें मेरी भूल समझकर क्षमा करेंगे।

श्री गुरुचरणरज
सौ० कुसुम जोशी

॥ श्री गुरुः जयति

श्रीपंचक पूर्वारम्भ

"श्री गुरुं गणपतिं वन्दे,
बालां पंचदशीमपि ।
महागणपतिं चैव,
श्री महाषोडशीमपि ॥"

भारतवर्ष में किसी भी कार्य के प्रारम्भ में 'श्रीगुरु' एवं "श्री गणेश" का स्मरण किया जाता है। भारत=भासि+रत; भारत का अर्थ-जो अद्वैत के महाप्रकाश में उत्पन्न हुआ हो वह भारत। कोई भी कार्यारम्भ "श्रीगुरुचरणाभ्यां नमः" से किया जाता है। "श्री गुरु-चरण" का स्मरण गौरव की बात है। इसका बहुत महत्व है। दक्षिण भारत में कहावत है कि "पैर पकड़ने से मस्तक पर चढ़ा जाता है।" यह सर्वमान्य बात है। इस कहावत का यथार्थ अर्थ क्या है ? श्री गुरु के चरण पकड़ लेने से, उनके अनुग्रह से वे अपनी चरणपादुका अर्थात् (शिष्य के) मस्तक पर रखते हैं। (गुरु पादुका मंत्र का उपदेश करते हैं, उस समय अपने मस्तक में प्रकाश दीखता है एवं नये-नये अर्थों का ज्ञान प्राप्त होता है।)

इसके अतिरिक्त 'गुरु' शब्द का अर्थ क्या है ? "गु" कार क्या है ? "रु" कार क्या है ? गु =३, रु =२, ३+२=५। इस ५ संख्या से हमें पंचमहाभूत का बोध होता है। पंचभूत ही पंचायतन देवता हैं। ये पंचभूत ब्रम्ह में से उत्पन्न हुए हैं। "तस्माद्वा एतस्मादात्मनः

॥ श्री गुरुः जयति ॥

श्रीपञ्चकम्

पूर्वारम्भ

"श्री गुरुं गणपतिं वन्दे,
बालां पंचदशीमपि ।
महागणपतिं चैव,
श्री महाषोडशीमपि ॥"

भारतवर्ष में किसी भी कार्य के प्रारम्भ में 'श्रीगुरु' एवं "श्री गणेश" का स्मरण किया जाता है। भारत=भासि+रत; भारत का अर्थ-जो अद्वैत के महाप्रकाश में उत्पन्न हुआ हो वह भारत। कोई भी कार्यारम्भ "श्रीगुरुचरणाभ्यां नमः" से किया जाता है। "श्रीगुरुचरण" का स्मरण गौरव की बात है। इसका बहुत महत्व है। दक्षिण भारत में कहावत है कि "पैर पकड़ने से मस्तक पर चढ़ा जाता है।" यह सर्वमान्य बात है। इस कहावत का यथार्थ अर्थ क्या है? श्री गुरु के चरण पकड़ लेने से, उनके अनुग्रह से वे अपनी चरणपादुका अर्थात् (शिष्य के) मस्तक पर रखते हैं। (गुरु पादुका मंत्र का उपदेश करते हैं, उस समय अपने मस्तक में प्रकाश दीखता है एवं नये-नये अर्थों का ज्ञान प्राप्त होता है।)

इसके अतिरिक्त 'गुरु' शब्द का अर्थ क्या है? "गु" कार क्या है? "रु" कार क्या है? गु=३, रु=२, ३+२=५। इस ५ संख्या से हमें पंचमहाभूत का बोध होता है। पंचभूत ही पंचायतन देवता हैं। ये पंचभूत ब्रह्म में से उत्पन्न हुए है। "तस्माद्वा एतस्मादात्मनः,

आकाशः संभूतः ।। आकाशाद्वायु ।। वायोरग्निः ।। अग्नेरापः ।। अद्भ्यः पृथिवी ।।" इस प्रकार तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा गया है ।

पंचायतन देवता की पूजा करने से हमें उसका अद्वैत ज्ञान प्राप्त होता है। स्मृति में कहा है।

पंचायतन देवता— "शिवः खं अनिलः शक्तिः रविरग्निः जलं हरिः ।
महागणेशः संप्रोक्तः विश्वं एतन्मयंनुमः ।।'

महान् अप्पय दीक्षित ने "रत्नत्रय-परीक्षा" नामक ग्रन्थ की रचना की है। उसमें रत्नत्रय का अर्थ शिव-शक्ति-विष्णु हैं। उसके वाद सूर्य में शिवभाव एवं विष्णुभाव दोनों हैं। "सौरमण्डलमध्यस्थं सभव" का अर्थ है शिव। एवं "ध्येयः सदा सवितृ मंडल मध्यवर्ती नारायणः" का अर्थ विष्णु होता है। अंतिम मूमि का अर्थ गणपति होता है। उस गणपति के हाथ में पाश अंकुश का अर्थ शक्ति होता है। इस प्रकार गणपति शक्ति होने के कारण मृत्युलोक में सर्व कार्यारंभ में उनका (गणपति) का पूजन किया जाता है। "ग-ण-प-ति" गणपति ये पंचदशी की प्रतीति करवाते हैं। सांख्यशास्त्र की दृष्टि से ग=३, ण=५, प=१, ति=६ इन संख्याओं का योग ३+५+१+६= १५ होता है। 'अंकानां वामतो गतिः" के अनुसार गणना होना चाहिये। इस प्रकार ति=६, प=१, ण=५, ग=३ का योग १५ होता है। इसी प्रकार महागणपति में भी ति=६, प=१, ण=५, ग=३, हा=८, म=५ का योग २८ होता है। ये २८ अंक महाषोडशी के भी हैं। इस प्रकार गणपति एवं महागणपति में किसी प्रकार का भेद नहीं हैं उसी तरह महागणपति एवं महाषोडशी में भी किसी प्रकार का भेद नहीं है।

"बाला"

वा=३, ला=३, इसका योग ६। यह ६ का अंक त्र्यक्षरी बाला एवं षड्क्षरी बाला का होता है। ३×३=९ के अनुसार नवाक्षरी बालामंत्र होता है। यह नव संख्या भी नवार्णमंत्र का एवं "नवार्णं मेरुमंत्रस्यात्" इस तरह मेरुमंत्र का भी बोध देती है। यह मेरुमंत्र प्रत्येक विद्या का आधार है। मंत्र एवं विद्या दो भेद हैं। त्रिपुर के मंत्र तथा विद्या में पुरुषमंत्र-"विद्याः समस्ताः तव देवि भेदाः।" ऐसा मार्कण्डेय पुराण में कहा गया है। उपरोक्त कथनानुसार गणपति मंत्र विद्या में गिना जाता है। "सैषा गणेश विद्या।" ऐसा गणेश उपनिषद् में कहा गया है।

'बाला' विद्या के तीन अक्षर पूर्व में कहे गये हैं। उन तीनों में प्रथम बाग्बीजं द्वितीय कामराजबीजं और तृतीय शक्ति-बीजं है। ये तीनों बीजाक्षर भी पंचदशी में वाग्भवकूट, कामराजकूट एवं शक्तिकूट कहलाते हैं। ये तीनों कूट महाषोडशी में बीज होते हैं। महाषोडशी में इन तीनों कूटों को बीज में परिवर्तित करने से १६ अक्षर होते हैं। अलग-अलग अक्षर गिने तो २८ अक्षर होते हैं। २८ अक्षरों को २×८ करें तो १६ अक्षर षोडशी मंत्र होता है। पंचदशी मंत्र में श्रीं बीज जोड़ने से षोडशी मंत्र बनता है। महाषोडशी के २८ अक्षर किस प्रकार ज्ञात हों ? बाला बीज जब पंचदशी में आते हैं तब उनका विस्तार होता है। महाषोडशी में आते हैं तब बीजाक्षर होते हैं। उदाहरणार्थ—एक बीज में से वृक्ष होकर फल देता है, वह पंचदशी स्वरूप होता है। उस फल में से बीज होता है वह महाषोडशी स्वरूप होता है। "बाला" यह ज्ञान की प्राथमिक दशा है। "पंचदशी यह ज्ञान की अभ्यास दशा है। "महाषोडशी" ज्ञान की अनुभव दशा है।

गणपति की १५ संख्याओं का तथा महागणपति की २८ संख्याओं का उसी प्रकार पंचदशी के १५ अक्षरों का एवं महाषोडशी के २८ अक्षरों का अनुभव करना हो तो श्रीगुरु द्वारा उपदेश प्राप्त कर, महागणपति मंत्र का उपदेश लेकर--"अष्टाविंशतिः वर्ण विशिष्टः महाहेरम्बस्य मनोः" गौड़पादाचार्य के सूत्रानुसार २८ अक्षर के महागणपति मंत्र का पुरश्चरण करके, "श्री गणेशस्तर्पणः प्रियः" अतः २८ अक्षर का चतुरावृत्ति तर्पण करने से महाषोडशी तक पहुंचा जाता है। महाषोडशी तक पहुंचने पर ज्ञान का पूर्ण अनुभव होता है।

श्रीगुरु के पास से महागणपति बाला इत्यादि का उपदेश लेकर श्री महागणपति का जप करके, बाला के बारह वर्ष तक, महाषोडषी के १२ वर्ष तक जप करने से पूर्ण ज्ञान प्राप्त होता है।

कितने ही महापुरुषों ने बाला की उपासना से (जप से ही) पूर्ण ज्ञान प्राप्त किया है। हिन्दू धर्म के अतिरिक्त अन्य धर्मावलम्बी एक व्यक्ति ने महान संत पुरुष के पास से श्रीबाला का उपदेश प्राप्त कर अद्वैत विषय पर दो घण्टे तक संभाषण किया था। यह मैं अपने स्वयं के अनुभव से जानता हूं। आज श्रीविद्या की स्थिति देखकर मन में बहुत कष्ट होता है। क्योंकि आजकल के श्रीविद्या के दीक्षार्थी विषय का ज्ञान हुए विना ही पुस्तकों में से अथवा महापुरुषों के लेखों में से चुराकर स्वयं के नाम से लेख लिखने हैं। किन्तु विषय का रहस्य ज्ञान उन्हें नहीं होता है।

प्राचीनकाल में आठ वर्ष के वालक का उपनयन संस्कार करके बारह वर्षों तक गुरु के आश्रम में शिक्षण दिलवाकर, गायत्री जप करवाकर, विद्या का अभ्यास करवाकर, उसके बाद गृहस्थाश्रम में प्रवेश करवाकर, ज्ञान का अनुभव करवाया जाता था। आजकल प्रातः उप-

नयन, मध्याह्न विवाह एवं सायंकाले ऋतु शान्ति की तरह प्रातः बाला का उपदेश, मध्यान्ह काल में पंचदशी का उपदेश, एवं सायंकाले महाषोडशी का उपदेश देने के लिए आधुनिक शिष्य समुदाय गुरु को बाध्य करते हैं। श्री गुरु इस प्रकार न करे तो "गुरु को लौकिक ज्ञान नहीं है। शिष्यों को क्या मुसीवतें हैं इसकी उन्हें खवर नहीं है।" इस प्रकार कहते हैं। कितने ही गुरु महानुभाव द्रव्य की लालसा से शिष्य के कथनानुसार करते हैं। प्राचीनकाल में गुरु की आज्ञानुसार शिष्य कार्य करते थे। वर्तमान काल में शिष्यों के कथनानुसार गुरु कार्य करते हैं।

उपदेश किये हुए मंत्र की सिद्धि प्राप्ति होती है। उसके कितने ही लक्षण शास्त्रों में कहे गये हैं, उन्हें कोई देखता ही नहीं है। आज के युग में शिष्य गुरु के पास जाकर कहता है कि पंचदशी का उपदेश मुझे मिला हुआ है। अतः आप षोडशी का उपदेश दीजिये। तव गुरु पूछते हैं कि पंचदशी के उपदेश से क्या-क्या अनुभव हुआ है --वह कहो ? तव जवाव में शिष्य गुरु को कहता है कि--"उस सबका क्या करना ? आप तो षोडशी का उपदेश दीजिये।" जिस प्रकार विद्यालय में अध्ययन करते हुए विद्यार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण हुए बिना ही अग्रिम कक्षा में पढ़ने की बात करते हैं, वैसी ही यह स्थिति है। यह सब कलियुग का प्रभाव है।

श्री गणपति के विषय में संक्षेप में लिखकर आगे 'कलौदेवि-विनायकौ" के अनुसार पूर्व क्रमानुसार गणपति की उपासना करके शीघ्र गणपति मंत्र सिद्ध होता है। गणपति का एक नाम विनायक है। विनायक की संख्या की दृष्टि से ११०४ संख्या होती है। अन्तिम संख्या ४ से पूर्व संख्या का योग ६ होता है। चांद्रमान की रीति से ६ठा महिना

भाद्रपद आता है। ४+१=५ सौरमान अनुसार सिंह मास आता है। इस मास की शुक्लपक्ष की चतुर्थी विनायक कहलाती है। प्रथम १ संख्या शुक्ल पक्ष बतलाती है। अन्तिम संख्या ४ का अर्थ चतुर्थी होता है। प्रथम एवं द्वितीय संख्या ११ अर्थात् हस्त नक्षत्र दिखलाती है।

वेद में कार्तिक नक्षत्र से शुरू होता है। महाराष्ट्र प्रदेश में गणेशांक पुस्तक में बुधवार को गणेश का जन्म दर्शाया गया है। अतः अन्तिम संख्या ४ बुधवार बतलाती है। विनायक सख्या-शास्त्रानुसार विनायक चतुर्थी मास, पक्ष, वार प्रदर्शित करती है। विनायक को दूर्वार्चन बहुत प्रिय है। दूर्वा जीव भाव व्यक्त करती है। जीवः=४८ एवं दूर्वा=४८ दोनों एक हैं। दूर्वा का गुण है कहीं भी उगकर दूर-दूर तक फैलना। उसी प्रकार एक ही जीव भी एक शरीर में रहकर अनेक जन्म धारण करता है। इन अनेक जन्मों का नाश करने के लिए गणेश चतुर्थी के दिन 'दूर्वायुग्मं समर्पयामि' के द्वारा पूजन होता है। अतः अनेक जन्म के दुःख-पाप, द्वन्द्व का क्षय करने के लिए दूर्वा-युग्म से पूजन किया जाता है। दूर्वा गणेश को अर्पण करने से जन्मों का नाश होता है।

गणेश को मोदक बहुत प्रिय हैं। मोदक का अर्थ प्रपंच होता है। प्रपंच सत्-चित्-आनन्द-नाम-रूप पाँच अंश से बनता है। ये सच्चिदानन्द नाम रूप में छिपे हैं। उसी प्रकार गुड़, नारियल, चने की दाल इन तीनों को चांवल के आटे का कवच बनाकर रखी गई अन्दर की वस्तु का नाम पूर्ण है। वही सच्चिदानन्द पूर्ण नाम रूप कवच स्वरूप बनाकर सच्चिदानन्द को अन्दर छिपाये हुए है। जैसे चाँवल के आटे में छिपाया हुआ गुड़, चने का आटा है। उसे तलने पर मोदक बनते हैं। उसे द्रविड़ भाषा में 'कोयुकट्ट' कहते हैं।

इस 'कोयुकट्ट' विद्यमान सम्पूर्ण संख्याशास्त्रीय दृष्टि से ५१ होता है। यह ५१ अक्षर सूचित करते हैं। अक्षर का अर्थ जिसका नाश न हो वह। सच्चिदानन्द जीव को जिस तरह आनन्द प्रदान करता वैसे ही नष्ट न हो ऐसा पूर्ण खाने से अति मधुर आनन्द अर्पित करता है। इस प्रकार तत्व जान कर गणपति की उपासना करना चाहिए इससे जीव ब्रम्हानन्द को प्राप्त कर आत्म-स्वरूप श्री विद्या ज्ञान की प्राप्ति करता है।

श्रीपंचकम्

श्रीपुरं, श्रीचक्रराजं, श्रीविद्या, श्रीगुरुस्तथा, श्रीसूक्तश्चेति, श्रीपंचहित, श्रीपंचकम्-इतिस्मृतं श्रीपुर, श्रीचक्रं, श्रीविद्या, श्रीगुरु, श्रीसूक्तः एवं श्री पंचकम् ।

इन पांचों में प्रथम अक्षर श्री छोड़ दिया जाये तो उसका अर्थ ही बदल जावेगा। श्री अक्षर निकाल देने से पुरं, चक्रं, विद्या गुरुः एवं सूक्तः ही शेष रहे तो इन पांचों का अर्थ बदल जाता है एवं गौरव कम हो जाता है।

प्रथम श्री अक्षर लगा देने से उसका महत्व बढ़ता है। यथा श्रीपुरं, श्रीचक्र, श्रीविद्या, श्रीगुरु, एवं श्रीसूक्त होता है एवं अन्य कोई प्रकार का अर्थ बदले बिना गौरव बढ़ता है, अतः श्रीपंचकं कहलाता है।

तंत्र में श्रीविद्या का गौरव पूर्ण स्थान है। अम्बा के उपासकों को रोज श्रीपंचकं का ध्यान हृदय में करने से मरण का भय नहीं रहता है। राम नाम के जप के समान श्रीपंचकं शब्द का जप करना ही पर्याप्त नहीं हैं। किन्तु श्रीपुरं क्या है ? यह कहां तक फैला हुआ है ? इसका तत्व क्या है ? श्रीचक्र का स्वरूप क्या है ? उसका तत्व क्या है ? इसी प्रकार श्रीविद्या, श्रीगुरु, श्रीसूक्त क्या है ? उनका स्वरूप क्या है ? उसका तत्व क्या है ? यह सब श्री गुरु-मुख द्वारा प्राप्त करके श्रीपुरं इत्यादि का रहस्य जानना चाहिये। श्रीचक्र की पूजा करनी चाहिये।

श्रीविद्या के जप करना चाहिये। श्रीगुरु का ध्यान करना चाहिए। श्री सूक्त का पारायण अर्थ के साथ करना चाहिए। इन सब को निश्चित मन से क्रमानुसार करने वाले को 'श्री विद्योपासक' कहा जाता है। इस प्रकार न करने वाले को 'श्री विद्योपासक हूँ' ऐसा मूर्खता वश कहते हैं। "मुझे महान् पुरुष के पास से दीक्षा मिली है अतः मुझे श्रीविद्या से सम्बन्धित सब विषय ज्ञात हैं।" इस प्रकार कहने वाले वास्तव में श्रीविद्योपासक द्वारा लिखित विषयों की अवहेलना करके स्वयं के नाम को, स्वयं के गुरु के नाम को तथा स्वयं के माता-पिता के नाम को कलंक लगाते हैं।

वास्तव में श्रीपंचकम् में वर्णित विषय पर मैंने महान् बनने के हेतु से नहीं लिखा है, अपितु इस विषय, तत्व इत्यादि को न जानने वालों के लिए तथा आत्म सन्तोष के लिए इन पांच विषयों पर संक्षेप में लिख रहा हूं। इन विषयों में भूलें होंगी। अशुध्दि हो अथवा भूलें हों तो विषय के ज्ञाता मुझे क्षमा करके सही मार्ग दर्शन देंगे। "यह सब तो मुझे अच्छी तरह ज्ञात है। इसमें इन्होंने विशेष क्या लिखा है?" इस प्रकार कहने वाले मेरा दोष निकालेंगे. ऐसे अज्ञानी का मुझे भय नहीं है। पंचतीर्थ के तट पर रहने वालों के पाँच महापाप नष्ट होते हैं वैसे ही श्रीपंचक स्वरूपिणी, कामकोटि पीठाधिपति जगत्गुरु-स्वरूपिणी, जय प्रदान करने वाली, श्री चिदानन्दामृत तत्व श्री कामाक्षी की परिपूर्ण कृपा से श्री पंचक का जितना ज्ञान मुझे है, लिखता हूं।

श्रीपुरं

श्रीः का अर्थ ऐश्वर्य (ईश्वरत्व) 'धन' 'ज्ञान' मोक्ष होता है। इन पांच श्रीपंचक की एक-एक की पृथक-पृथक् उपासना करने से सब प्राप्त होता है। किन्तु श्रीविद्योपासक का यह धर्म है कि इन पांचों तत्वों को अच्छी तरह से जानकर उपासना करनी चाहिए। उपासना करते समय साधकों के लिए ये पाँचों प्रधान विषय हैं। इनमें से एक भी न्यून हो तो वह उपासना अपूर्ण कहलावेगी।

प्रथम 'श्री पुरं' अर्थात् क्या ? श्रीपुरं अर्थात् स्वर्ण के समान महामेरु पर्वत के मध्य शिखर पर नीचे दर्शायी गई रचना के अनुसार बना हुआ नगर १. अमृताम्भो निधि २. रत्नदीप ३. नानावृक्ष महोद्यान ४. कल्प वाटिका ५. संतान वाटिका ६. हरिचन्दन वाटिका ७. मंदार वाटिका ८. पारिजात वाटिका ९. कदंब वाटिका १०. पुष्पराग वाटिका ११. पद्मराग रत्नप्राकार १२. गोमेदक रत्नप्राकार १३. वज्र रत्नप्राकार १४. वैडूर्य रत्नप्राकार १५. इन्द्रनील रत्नप्राकार १६. मुक्ता रत्नप्राकार १७. मरकत रत्नप्राकार १८. विद्रुम रत्नप्राकार १९. माणिक्य मंडप २०. सहस्र स्तम्भ मंडप २१. अमृत वापिका २२. आनन्द वापिका २३. विमर्श वापिका २४. बालातपोद्गारा २५. चंद्रिकोद्गारा २६. महाश्रृंगार परिघ २७. महापद्माटवी २८. चिन्तामणिमय गृहराज २९. पूर्वाम्नाय-पूर्वद्वार ३०. दक्षिणाम्नाय दक्षिणद्वार ३१. पश्चिमाम्नाय-पश्चिमद्वार ३२. उत्तराम्नाय-उत्तरद्वार ३३. रत्न प्रदीपवलय ३४. मणिमय सिंहासन ३५. ब्रह्ममयैक मंचपाद

३६. विष्णु मयैक मंचपाद ३७. रुद्रमयैक मंचपाद ३८. ईश्वर मयैक मंचपाद ३९. सदाशिव मयैक मंचफलक ४०. हंसतूलिका तल्प ४१. हंसतूलिका महोपधान ४२. कौसुम्भास्तरण ४३. महावितानक ४४ महामाया यवनिका।

उपरोक्त रचना के अतिरिक्त भी इस नगर में अत्यन्त विस्तार भरा है। यह जानने के लिए "ललितोपाख्यान" तथा "श्री त्रिपुरा रहस्य माहात्म्य खंड" देखना चाहिए। उसी तरह क्रोधभट्टारक की आर्या द्विशति' भी देखने योग्य है।

इस "श्रीपुरं" में सिद्धलोक, साध्यलोक, गधर्वलोक, ऋषिलोक, दिग्पाललोक, इन्द्रादि देवगण, योगिनी, रुद्रलोक, वाराही, श्यामला इत्यादि अंगोपांग प्रत्यंग देवता, पराभट्टारिका श्री ललिताम्बा श्री राजराजेश्वरी श्री महात्रिपुरसुन्दरी के साथ अंबा की पुत्री बाला तथा अंगोपांग प्रत्यंग देवता, अश्वारूढ़ा, अन्नपूर्णा, नवाक्षरी बाला, सम्पत्करी आदि भिन्न-भिन्न देवताओं के स्थान हैं। विस्तार भय से यहाँ नहीं बताया है।

श्रीचक्रं

पूर्वोक्तानुसार चिन्तामणि गृहराज में श्रीचक्र का स्थान है। श्रीचक्र की चर्चा—यह श्रीचक्र कुंकुम-सिन्दूर से आलेखित करके योगियों को इसकी पूजा करनी चाहिये। अन्य मनुष्यों को स्फटिक, रत्न, सुवर्ण, रजत, ताम्र अथवा शिला द्वारा योग्य माप में बनाकर पूजन करने से लक्ष्मी, कान्ति, यश, धन पुत्रादि, आरोग्य, दीर्घायु इत्यादि की प्राप्ति होती है।

स्फटिक में श्रीचक्र बनाकर पूजा करने से परमसिध्दि प्राप्त होती है। इस यंत्र की शास्त्रीय पध्दति अनुसार प्राणप्रतिष्ठा एक बार करवाना पर्याप्त है अन्य व्यक्ति पूजन करें तो भी पुनः प्रतिष्ठा नहीं करवानी पड़ती है। स्वर्ण में से यह यंत्र बनाकर शास्त्रीय ढंग से प्राण प्रतिष्ठा करके पूजा करने से राजा इत्यादि भी वश में हो जाते हैं। पूजन करने वाले को जीवन पर्यन्त श्रीचक्र का सान्निध्य रहता है। श्रीचक्र अन्य व्यक्ति के पास जावे तो पुनः उसकी प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिये।

रजत में श्रीयंत्र बनाकर शास्त्रीय ढ़ंग से प्राण प्रतिष्ठा करके पूजन करने से आयुष्य, आरोग्य, कांति इत्यादि की प्राप्ति होती है। बत्तीस वर्ष पश्चात् उसकी पुनः प्राण प्रतिष्ठा करनी चाहिए।

ताम्र में श्रीयंत्र बनाकर शास्त्रीय ढ़ंग से प्राण-प्रतिष्ठा करके पूजन करने से सम्पूर्ण ऐश्वर्य प्राप्त होता है। बारह वर्ष पश्चात् पुनः उसकी प्राण-प्रतिष्ठा करनी चाहिए।

भोजपत्र में श्रीयंत्र बनाकर शास्त्रोक्त पद्धति से प्राण-प्रतिष्ठा करके पूजन करने से छः वर्ष तक उसमें अंबा का सान्निध्य रहता ।

शिला में श्रीयंत्र बनाकर शास्त्रोक्त पद्धति से प्राण-प्रतिष्ठा करके पूजन करने से बारह वर्ष तक उसमें अंबा का सान्निध्य रहता है। इस तरह पूजा करने वाले हर प्रकार से सुखी रहते हैं।

माणिक्य, गोमेदक, मरकत इत्यादि रत्नों में श्रीचक्र बनाकर शास्त्रोक्त पद्धति से प्राण-प्रतिष्ठा करके पूजन करने वालों को क्रम से राज्य भोग एवं ऐश्वर्य प्राप्त होता है। सर्वशत्रु का नाश होता है।

त्रिलोह में श्रीचक्र बनाने के लिए चाँदी १६ भाग, तांबा १२ भाग, सोना १० भाग लेकर श्रीचक्र बनाकर शास्त्रोक्त पद्धति से प्राण-प्रतिष्ठा करके पूजन करने वाले को शांति, पुष्टि, शत्रुनाश, आरोग्य इत्यादि प्राप्त होता हैं।

यह श्रीचक्र प्रसार वेध से तीन प्रकार का होता है। ऐसा 'लक्ष शाधन' ग्रन्थ में वर्णित है।

एक पद्धति में भूपुर से क्रमोन्नत ढंग से बिन्दु पर्यन्त आलेखित करते हैं। इसे मेरु कहते हैं। दूसरी पद्धति में क्रमोन्नत उर्ध्वरेखा तक बनाया जाता है। समान ढंग से अधोरेखा तक बनाना यह तीसरी पद्धति है। ऐसा तंत्रो में कहा गया है। विस्तार के भय से यहाँ अधिक नहीं लिखा है।

गुरु परम्परा के अनुसार गुरु, ज्येष्ठ, पिता द्वारा प्राप्त श्री यन्त्र सप्रमाण नहीं होने पर भी अच्छा फल देता है।

सृष्टिक्रम, स्थितिक्रम, संहारक्रम इत्यादि तीन पद्धतियाँ हैं। भूमि पर सफेद रंग (चाँवल का आटा) हल्दी, सिन्दूर, हरे रंग (अति केरेय) एवं विल्व को सुखाकर खाड़ने से हरा रंग बनता है, एवं शालि के छिलके के चूर्ण से श्रीचक्र आलेखित करके प्रत्येक त्रिकोण में रंग भरकर सुन्दर अलकारिक बनाकर पूजन करने से अच्छा फल प्राप्त होता है।

शीशे, लोहे, कांसे. लकड़ी के पटिये, दीवाल एवं कपड़ों पर श्रीचक्र बनाकर पूजन करने से अच्छा फल नहीं मिलता है।

तंत्रों में— श्रीचक्र के अनेक नाम बताये गये हैं। यह सब माप में बताना संभव नहीं। श्री देवीस्वरूप भास्करराय की सेतुन्वध पुस्तक में वहुत प्रकार के नाम बताये हैं। उनमें से एक प्रमाण यहाँ बताया है। यह मेरे श्री गुरुनाथ ने मुझे बताया है, वह नीचे लिखित प्रमाण में मैंने आलेखित किया है। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं के गुरु के निर्देशानुसार प्रमाण में बनाना चाहिये। क्योंकि तंत्रो में अनेक प्रकार के नाम बताये हैं। प्रत्येक माप में से अपने गुरु द्वारा निर्देशित प्रमाण ही योग्य है।

"स्तुतो मे गंगावल्ली स्तुतेति"

स्तु= ६, तो= ६, मे= ५, गं= ३, गा= ३, व= ४, ल्ली=३, स्तु= ६, ते= ६, ति=६। इस माप से ही ४३ त्रिकोण वनते हैं। श्रीचक्र ९६ अंश का है। बिन्दु से नीचे और ऊपर की ओर (दोनों ओर) ४८ अंश हैं। १ अगुली=१ अंश, इस प्रकार ९६ अंश अंगुली प्रमाण श्रीचक्र का होता है। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति अंश का माप अपनी इच्छानुसार ले सकता है। शिल्पशास्त्र में कितने ही माप दर्शाये

गये हैं। प्रथम चक्र तीन चतुरस्र से बनाया जाता है। ये तीनों चौरस रेखा तीन अंश लेनी चाहिए। इसे 'भूपुरम्' कहते हैं। इसके बाद तीन वलय (गोलाकार) उसके बाद षोडशदल एवं उसके वाद अष्टदल। इन दोनों के बीच मर्यादावृत्त (गोलाकार) रहता है। उसी प्रकार अष्टदल और चक्र के ४३ कोणों के वीच मर्यादा-वृत्त रहता है। इसके अतिरिक्त चतुरस्र एवं षोडशदल के मध्य तीन वृत्त (गोलाकार) दिखाये जाते हैं। इसके साथ ही षोडशदल एवं वलयत्रय (गोलाकार) के मध्य एक षोडशदल का मर्यादा वृत्त होता है। कुछ विद्वान मर्यादा वृत्त के साथ ही तीन वृत्त बताते हैं, वह योग्य नहीं है। ऐसा मेरा अभिप्राय है। अर्थात् इस मर्यादा वृत्त के सहित चार वृत्त (गोलाकार)एवं प्रत्येक के बीच दो अंश का माप होना चाहिए। इस तरह छः अंश हों। षोडश-दल का माप छः अंश का है। अष्टदल का प्रमाण छः अंश का है। इसके ऊपर नीचे के चौदह त्रिकोण से ऊपर के भाग पर बिन्दु पर्यन्त ४८ अंश रखना चाहिए। जिसका प्रमाण ऊपर से १४ त्रिकोण ६ अंश, दस त्रिकोण ६ अंश, अष्टार त्रिकोण ३ अंश, त्रिकोण ३ अंश। इसी प्रकार नीचे के १४ त्रिकोण ६ अंश, दशार कोण ६ अश, दितीय दशार ६ अंश, त्रिकोण ३ अश, विन्दु ४ अंश, –इस प्रकार माप है।

बिन्दु श्रीचक्र के बराबर मध्य नहीं आता है; किन्तु नीचे के भाग के त्रिकोण से २५ अंश, ऊपर के भाग के त्रिकोण से २३ अंश ऊपर बिन्दु आता है। तब ही श्रीचक्र का प्रमाण मिलता है। वैसे ही डमरू का प्रमाण भी बराबर मिलता है। यदि डमरू वरावर न बने तो मछली की पूँछ का दोष आ जावे, जिससे श्रीचक्र वरावर प्रमाण में न कहलाये।

श्रीचक्र के देवताः—प्रथमावरण-भूपुरं—तीन समान चोरस रेखा में प्रथम समचोरस रेखा सफेद वर्ण, दूसरी समचोरस रेखा अरुण

वर्ण एवं तीसरी समचोरस रेखा पीत वर्ण की होती है। भूपुरं अर्थात् भूतत्वं, प्रकृति=लकार।

प्रथम श्वेत रेखा में अणिमासिद्धि इत्यादि दस देवता, दूसरी लाल रेखा में ब्राह्मी इत्यादि अष्ट देवता, तीसरी पीली रेखा में सर्वसंक्षोभिणी इत्यादि दस देवता का पूजन करना चाहिए। इस प्रथम चक्र को त्रैलोक्यमोहनचक्र कहते हैं। उसकी योगिनी प्रकटा एवं त्रिपुराचक्रेश्वरी नामक कहलाती है।

द्वितीयावरणं—षोडशदल-श्वेत वर्ण सकार प्रकृति एवं चन्द्र की षोडश कला के समान लगता है। इसके देवता कामाकर्षिणी आदि सोलह देवता हैं। इसकी योगिनी गुप्ता एवं त्रिपुरेशी चक्रेश्वरी कहलाती है। इस द्वितीय आवरण का नाम सर्वाशापरिपूरक चक्र कहलाता है।

तृतीयावरण-अष्टदल—जपा कुसुम के जैसा यह आवरण है। अष्टमूर्ति शिवस्वरूप देवता है। हकार प्रकृति, अनंगकुसुमादि अष्टदेवता है। इसकी योगिनी गुप्ततरा, त्रिपुरसुन्दरी चक्रेश्वरी है। चक्र का नाम सर्वसंक्षोभण चक्र है।

चतुर्थावरण चतुर्दश त्रिकोण—(चतुर्दशार) इस आवरण का वर्ण अनार के फूल के समान होता है। ईकार प्रकृति चौदह महामायास्वरूप देवता है। सर्वसंक्षोभिणी से प्रारम्भ होने वाले चौदह देवता हैं। संप्रदाययोगिनी त्रिपुरवासिनी चक्रेश्वरी एवं चक्र का नाम सर्व सौभाग्य दायक चक्र है।

पंचमावरण-बहिर्दशार—दशार त्रिकोण सिंदूर वर्ण का है। एकार प्रकृति है। दशावतार विष्णुस्वरूप देवता है। दस त्रिकोण-सर्व-

सिद्धि प्रदा से प्रारम्भ होकर दस देवता हैं। कुलोत्तीर्णं योगिनी-त्रिपुरा चक्रेश्वरी है। चक्र का नाम सर्वार्थ साधक चक्र है।

षष्ठ आवरण-अन्तर्दशार त्रिकोण—इस द्वितीय दशार त्रिकोण का वर्ण जासूद (जपा-कुसुम) पुष्प के समान है। प्रकृति रकार है। अग्निस्वरूप दस कला-अन्तर्दशार-सर्वज्ञा आदि दस देवता हैं। निगर्भ-योगिनी-त्रिपुर मालिनी चक्रेश्वरी है। सर्वरक्षाकरचक्र इस चक्र का नाम है।

सप्तमावरण-अष्टार—इस चक्र में अष्ट कोण हैं। पद्मराग-लाल वर्ण है। प्रकृति ककार है। अष्टमूर्ति स्वरूप कामेश्वर देवता-अष्टार के वशिनी आदि आठ देवता हैं। रहस्य योगिनी त्रिपुरा सिद्धि चक्रेश्वरी है। इस चक्र का नाम सर्व रोग हर चक्र है।

अष्टमावरण-त्रिकोण—यह त्रिकोण बंधूक पुष्प के समान नीले-लाल रंग का होता है। नाद प्रकृति है। पश्चिम में कामेश्वर-कामेश्वरी, बाण, उत्तर में धनु-पाश, अंकुश, त्रिकोण गुण त्रय प्रधान होने से शक्तिस्वरूप तीन रेखा में कामेश्वरी इत्यादि तीन देवता हैं। महात्रिपुर सुन्दरी अति रहस्य योगिनी त्रिपुराम्बा चक्रेश्वरी है। चक्र का नाम सर्वप्रसिद्धिप्रद चक्र है।

नवमावरण-बिन्दु—इसकी प्रकृति परब्रह्मस्वरूपमान देवता है। श्री महात्रिपुर सुन्दरी परापरातिरहस्य योगिनी श्री महात्रिपुर सुन्दरी चक्रेश्वरी एवं इस चक्र का नाम सर्वानन्दमय चक्र है।

इन आवरण देवता के विशेष तत्व जानने के लिये मेरे गुरुनाथ द्वारा लिखे गये–'सपर्यावासना', 'कामकला विलास' वरिवस्या रहस्य (तामिल एवं अंग्रेजी में लिखे गये हैं) ग्रन्थ देखें।

पंच-पंचिका—बिन्दु चक्र के ऊपर सिंहासन स्वरूप एक पीठ की भावना करके मध्ये वायु आदि चार कोने पर एक, एक कोने की पूजन करें।

प्रथम पंचिका—(१) श्री विद्या लक्ष्मी, (२) महालक्ष्मी, (३) श्री महालक्ष्मी (४) चित्-शक्ति लक्ष्मी, (५) सर्व साम्राज्य लक्ष्मी—इस प्रकार पंचमहालक्ष्मी का पूजन करना चाहिए।

द्वितीय पंचिका—(१) श्री विद्या कोशाम्बा, (२) परंज्योति कोशाम्बा (३) परानिष्कला कोशाम्बा, (४) अजपा कोशाम्बा, (५) मातृका कोशाम्बा—इस प्रकार पांच कोशाम्बा का पूजन करें।

तृतीय पंचिका—(१) श्रीविद्या कल्पलताम्बा, (२) त्वरिता-कल्पलताम्बा (३) पारिजातेश्वरी कल्पलताम्बा, (४) त्रिपुरा कल्पलताम्बा, (५) पंचवाणेश्वरी कल्पलताम्बा—इस प्रकार पाँच कल्पलताम्बा का पूजन करें।

चतुर्थ पंचिका—(१) श्रीविद्या कामदुधाम्बा, (२) अमृतपीठेश्वरी कामदुधाम्बा, (३) सुधांशु कामदुधाम्बा, (४) अमृतेश्वरी कामदुधाम्बा (५) अन्नपूर्णा कामदुधाम्बा—इस प्रकार पांच काम दुधाम्बा पूजन करें।

पाँचवीं पंचिका—(१) श्रीविद्या रत्नाम्बा, (२) सिद्धलक्ष्मी रत्नाम्बा, (३) राजमातंगी रत्नाम्बा, (४) भुवनेश्वरी रत्नाम्बा, (५) वाराही रत्नाम्बा—इस प्रकार पाँच रत्नाम्बा का पूजन करें।

षड्दर्शन—

१. तारा देवता-बौद्ध दर्शन

२. ब्रह्मा देवता-वैदिक दर्शन

३. रुद्र देवता-शैव दर्शन

४. सूर्य देवता-सौर दर्शन

५. विष्णु देवता-विष्णु दर्शन

६. भुवनेश्वरी देवता- शाक्त दर्शन

इस प्रकार षड्दर्शन देवता का पूजन करना चाहिए।

षडाधार-- १. शाकिनी योगिनी सहित
गणनाथ का मूलाधार चक्र में पूजन करना चाहिए।
२. काकिनी योगिनी सहित
ब्रह्मा का स्वाधिष्ठान चक्र में पूजन करना चाहिए।
३. लाकिनी योगिनी सहित
विष्णु का मणिपुर चक्र में पूजन करना चाहिए।
४. राकिनी योगिनी सहित
सदाशिव का अनाहत चक्र में पूजन करना चाहिए।
५. डाकिनी योगिनी सहित
जीवेश्वर का विशुद्ध चक्र में पूजन करना चाहिए।
६. हाकिनी योगिनी सहित
परमात्मा का आज्ञाचक्र में पूजन करना चाहिए। इसके अति-रिक्त षडाम्नाय, सप्तविंशति रहस्य, षडन्वी शांभवी इत्यादि देवता का पूजन समयानुसार करना चाहिए।

श्रीविद्या

श्रीचक्र में बिन्दु के मध्य में रहने वाली शक्ति को श्रीविद्या कहते हैं। यह विद्या मंदिर १५ अक्षर का है। पुरुष मंत्र भी तंत्र कहलाता है। वल्लभ गणपति को विद्या कहते हैं। श्री विद्या के अनेक भेद हैं। बाला से प्रारम्भ होकर महाषोडशी पर्यन्त सब श्रीविद्या है। बाला, पंचदशी, षोडशी, सौभाग्य पंचदशी विद्या, सौभाग्य षोडशी विद्या, श्री महाषोडशी—ऐसे अनेक भेद हैं। यह विद्या अन्य मंत्रों के समान स्पष्ट किये बिना संज्ञा में उपनिषद् एवं तंत्रों में बताई गई है।

इस पंचदशी विद्या के अक्षर की पुनरुक्ति को न गिनते हुए हिसाब करें तो नव (९) अक्षर होते हैं। उनका नाम मेरुमंत्र हैं।

श्री विद्या में हादि विद्या, कादि विद्या, सादि विद्या नामक तीन भेद हैं। इसके अतिरिक्त दक्षिणा मूर्ति मत, हयग्रीव मत, आनन्द भैरव मत-ऐसे तीन मत हैं। 'वेद में कर्मकांड, भक्तिकांड एव ज्ञानकांड हैं। इसी तरह तंत्र में तीन कांड हैं। जैसा कि आनन्द भैरव मत-कर्मकांड, हयग्रीवमत-भक्तिकांड. दक्षिणा मूर्ति मत-ज्ञानकांड है। इस पंचदशी विद्या में थोड़ा-थोड़ा भेद है। मनु, चन्द्र, कुवेर, लोपामुद्रा, मन्मथ अगस्तस्य, नन्दीकेश्वर, सूर्य, विष्णु, स्कन्द, शिव एवं दुर्वासा-इन १२ महान संतो ने उपासना करके श्री विद्या की सिद्धि प्राप्त की है। मनु विद्या के १८ अक्षर हैं। चन्द्र विद्या के २२ अक्षर हैं। कुबेर विद्या के २२ अक्षर हैं। लोपामुद्रा की उपासना विद्या के १७ अक्षर हैं। मन्मथ

विद्या के १५ अक्षर हैं । अगस्त्य विद्या के १५ अक्षर हैं । नन्दीकेश्वर विद्या के १५ अक्षर हैं । सूर्य विद्या के १५ अक्षर हैं । विष्णु विद्या के २२ अक्षर हैं । स्कन्द विद्या के १८ अक्षर हैं । शिव की उपासना विद्या के २८ अक्षर हैं । दुर्वासा विद्या के १५ अक्षर है ।

वाला मंत्र में ३ अक्षर अथवा ६ अक्षर महान् पुरुष देते हैं। वाला के १४ प्रकार के भेद तंत्र में बताये गये हैं। पंचदशी के १५ अक्षर, षोडशो के १६ अक्षर, सौभाग्य पंचदशी के १८ अक्षर, सौभाग्य षोडशी के १९ अक्षर, महाषोडशी के द्वितीय वर्ण के साथ १६ अक्षर होते हैं । अलग-अलग अक्षर गिनें तो २८ अक्षर होते हैं। इस तरह महिमा भरी पंचदशी को श्री विद्या कहते हैं ।

यह विद्या श्री गुरुमुख द्वारा प्राप्त करनी चाहिये । पुस्तकें देख कर ज़प करने से अच्छा फल प्राप्त नहीं होता हैं, अपितु विरुद्ध फल प्राप्त होता है ।

श्री विद्या के पूजन में तीन भेद हैं। यथा परापूजा, परापरा-पूजा, अपरापूजा। परापूजा यह ज्ञान है । परापरापूजा यह भक्ति है । अपरापूजा यह कर्म है।

"इस विद्या के फल की ओर दृष्टि रखकर उपासना करने से सिद्धि प्राप्त नहीं होती है। फल की अपेक्षा रखे बिना उपासना करने से जल्दी सिद्धि प्राप्त होती है"। ऐसा "सौभाग्य लक्ष्मी" उपनिषद् में में कहा गया है ।

"निष्कामानामेव" श्री विद्या सिद्धिः । न कदापि सकामाना-मिति" । पंचदशी विद्या के देवता ललिताम्बा, महात्रिपुर सुन्दरी, कामाक्षी, राज राजेश्वरी हैं । ऐसा महापुरुषों का कथन है । यह सब

देवता श्रीविद्या हैं । यह ललिताम्बा बिन्दु पीठ में कामेश्वर की गोद में बैठी हुई हैं । इन देवो की पूजा करते समय पंचदशी के जप के समय अनेक प्रकार के शरीर के न्यास कर लेने चाहिए । ऐसे ८४ न्यास हैं । इसके अतिरिक्त महाषोढ़ान्यास विशेष रूप से कर लेने चाहिये । यह महाषोढ़ान्यास प्रतिदिन किसी भी प्रकार से नियम टूटे बिना करने वाले व्यक्ति साक्षात् परमेश्वर हैं । ऐसा तंत्र बतलाते हैं । यह षोढ़ान्यास अचूक करने वाले उपासक की दृष्टि पड़ते ही हर एक प्रकार की आपत्ति शीघ्र दूर हो जाती है । ऐसे उपासक द्वारा किसी को प्रणाम नहीं किया जाता है । ऐसे उपासक मिलना अत्यंन्त दुर्लभ हैं । इस पंचदशी के जप करने वाले की महिमा का वर्णन श्री देवी स्वरूप भास्कर राय ने वरिवस्या रहस्य ग्रन्थ में विस्तारपूर्वक किया है । इस विषय का वर्णन भास्कर राय जैसे महानुभाव से ही हो सकता है । साधारण मनुष्य से नहीं हो सकता है । आज के महानुभाव जब यह कहते हैं कि "श्रीविद्या के जप करने वाले उपासकों के द्वारा किसी को भी नमस्कार नहीं किया जाता है अथवा नमस्कार नहीं करेंगे ।" तब हंसी आती है । जप के तीन भाग हैं मानसिक, उपांशु एवं वाचिक । मन में जप करना मानसिक कहलाता है । ओष्ठ को हिला-कर बोले बिना जप करना उपांशु जप कहलाता है । अन्य व्यक्ति सुने इस प्रकार बोलकर जप करना वाचिक कहलाता है । मनस् एवं मंत्र यह दोनों मन धातु में अंतर्निहित है । अतः मानसिक कहलाता है । इस तरह अर्थानुसंधान द्वारा मंत्र जप करने से जल्दी सिद्धि प्राप्त होती है । अर्थज्ञान के बिना जप करने से राख में आहूति देने जैसा होता है ।

पंचदशी विद्या का लक्ष्य श्री ललिताम्बा के अंग देवता, प्रत्यंग देवता एवं उपांग देवता हैं । नवाक्षरी बाला–अंग, अश्वारूढ़ा-उपांग, अन्नपूर्णा-प्रत्यंग गिनीं जाती हैं । उसी तरह श्यामला वाराही के भी अंग, उपांग एवं प्रत्यंग देवता हैं । श्यामला देवता की लघुश्यामा अंग,

वाग्वादिनी-उपांग नकुली- प्रत्यंग देवता हैं। उसी तरह वाराही की लघुवाराही-अंग, स्वप्नवाराही, उपांग, तिरस्करणी प्रत्यंग देवता हैं।

बाला देवी अंबा की पुत्री है। श्यामला मैत्रिणी है। वाराही सेनाधिपति कही जाती है। परा यह अंबा का हृदय है। महात्रिपुर-सुन्दरी, राजराजेश्वरी ललिता के साथ अंबा का प्रभाव एवं पूजा विषयक ग्रन्थ आदिगुरु श्री दक्षिणा मूर्ति ने २४ लक्ष श्लोकों में लिखा है। उन दक्षिणामूर्ति के शिष्य दत्तात्रेय ने संक्षेप में २४ हजार श्लोकों में ग्रन्थ लिखा हो ऐसा प्रतीत होता है। किन्तु अभी तक ये पुस्तकें अप्राप्य ही हैं। दत्तात्रेय द्वारा लिखित चौबीस हजार श्लोकों को उनके शिष्य परशुराम ने ३३६ सूत्रों में लिखा है। यह वर्तमान में 'परशुराम कल्पसूत्र, नाम से विख्यात है। परशुराम के शिष्य हरितायन ऋषि ने महात्रिपुर सुन्दरी की महिमा चर्या खण्ड माहात्म्य खंड एवं ज्ञान खंड इन तीन खडों में निबद्ध त्रिपुरा-रहस्य पुस्तक में लिखी है। चर्या खण्ड अनेक स्थानों पर ढूँढने पर भी मिलता नहीं है। माहात्म्य खण्ड एवं ज्ञानखंड अभी-अभी प्रसिद्ध हुए हैं। चर्याखण्ड में महात्रिपुर सुन्दरी की पूजा के विषय में लिखा हैं। माहात्म्य खण्ड में महात्रिपुर सुन्दरी के अवतार भेद की ग्यारह कथाएँ है। ज्ञान खण्ड में ज्ञान विषयक चर्चा है। यह कर्मकांड, भक्तिकांड एव ज्ञानकांड के सदृश्य है। ऊपर वर्णित महात्रिपुरसुन्दरी, कामेश्वरी अथवा ललिता यह चित्शक्ति स्त्री स्वरूप में अथवा पुरुष स्वरूप में अथवा नाम रूप के अतिरिक्त सच्चिदानन्द ब्रह्म स्वरूप है। इस तरह से ध्यान करने से यह चित् शक्ति भक्तों का रक्षण करने, भंडासुर का वध करने के लिये सगुण स्वरूप धारण करके विलास करती है।

यह भंडासुर पूर्वजन्म में एक गंधर्व था। लक्ष्मीदेवी की एक परिचारिका गंगा में स्नान करते समय प्रवाह में बहने लगी। उसे इस

गंधर्व ने बचा लिया। उस परिचारिका के वस्त्र भीगे हुए होने से गंधर्व ने उसके सर्वांग स्पष्ट देखे एवं उस पर मोहित हो गया एवं उसे फिर से पकड़ लिया। उस समय लक्ष्मी देवी की परिचारिका ऐसा देखकर गंधर्व से कहती है कि "हे गंधर्व मुझे देखकर तुझे मोहित होने की आवश्यकता नहीं है। आपत्ति के समय तूने मुझे बचाया है अतः तू मेरे लिये पिता-तुल्य है।" अतः कुदृष्टि से मुझे मत देख। ऐसा कहकर परिचारिका दौड़कर लक्ष्मीदेवी के पास जाकर बोली, हे माता मुझे बचाओ, मुझे बचाओ। लक्ष्मी देवी ने भयभीत परिचारिका एवं कामातुर गंधर्व को देखकर कहा "हे गंधर्व, मेरे लोक में रहकर राक्षस गुणवाला बनकर तू अब राक्षस का जन्म पा" ऐसा शाप दिया। इससे गंधर्व लज्जा सहित बोला—"हे माँ क्षमा करो। काम से पीड़ित होकर मैं इस स्थिति पर पहूँचा हूँ। मुझे क्षमा करो। अज्ञान से की गई भूल क्षमा करो।" इस प्रकार बहुत प्रार्थना की तब लक्ष्मी देवी ने कहा—मेरा शाप मिथ्या नहीं हो सकता। तुझे भोगना ही पड़ेगा। यह सुनकर गंधर्व ने कहा, आपके कहे अनुसार भोगना ही पड़ेगा। तब आप मुझे वरदान दें कि त्रिमूर्तिस्वरूप, भुवनेश्वरीस्वरूप, चंडिकास्वरूप सब देवों, की अधिष्ठात्री त्रिपुरा देवी के द्वारा मेरी मृत्यु हो माता "तथास्तु" कहकर अदृश्य हुई। यह गंधर्व भण्डासुर हुआ। त्रिपुरसुन्दरी ललिता का ही स्वरूप है। सहस्रनाम द्वारा आदिशेषनाग भी उनका वर्णन करने में असमर्थ हैं। ऐसे स्वरूप वाली वे हैं। चिन्तामणि गृह में श्रीचक्र के मध्य में रहकर बिन्दु पीठ में रहकर कामेश्वर की गोद में बैठी हुई यह श्री ललिता अंबिका विशेष रूप से भी अवर्णनीय है। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र महेश्वर के चार पाद हैं। सदाशिव पलंग स्वरूप हैं। उसके मध्य में बैठी हुई श्री ललिता पद्मासन पर बैठी हुई हैं। राग स्वरूप पाश, क्रोध स्वरूप अंकुश मनोरूप गन्ने का धनुष्य पंचतन्मात्रं स्वरूप कमल, अशोक, आम्र, मल्लिका, नीलोत्पल-इन

पांच वाणों को हाथ में धारण किये हुए हैं। चन्द्रकला धारण किये हुए है। श्रृंगाररस स्वरूप मूर्त्ति है। उगते हुए सूर्य के लालवर्ण जैसी देह वाली है। ऐसी श्रीविद्या राज राजेश्वरी को चौसठ उपचार प्रिय हैं।

(उपचार ७२, ६४, १६, और ५ प्रकार के होते हैं।) गंध, पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य-इन पाँच उपचारों की कल्पना जप करते समय करनी चाहिए। पूजा में द्रव्य की कल्पना करने से नहीं चलता, किन्तु द्रव्य अवश्य चाहिए। गन्ध-चन्दन पृथ्वी तत्व होने से नाक में, पुष्प-आकाश तत्व होने से कान में धूप-वायु तत्व होने से नाभि में, दीप–अग्नि तत्व होने से नेत्र में, नैवेद्य-जल तत्व होने से जिह्वा में अर्पण करना चाहिये। अम्बा सगुणमूर्ति होने से ध्यान करते समय ऊपर बताये गये स्थान में पंचोपचार अर्पण करना चाहिए। चौंसठ प्रकार के उपचार का विवरण उपासक के लिये नीचे बताया गया है–

१. पाद्यं -- पैर धोना, २. आभरणावरोहणं—अलंकार गले से उतारना, ३. सुगन्धतैलाभ्यंग–सुगन्धित तेल शरीर पर लगाना, ४. मज्जनशाला-प्रवेशनं-स्नानगृह में प्रवेश ५. मणिपीठोपवेशनं-स्नानार्थं-स्नान गृह के पाटले पर बैठना, ६. दिव्यस्नानीयोद्वर्तनम्–शरीर पर सुगन्धित द्रव्यों का लेपन करना, ७. उष्णोदकस्नानं—गरम पानी से स्नान, ८. कनककलशच्युतसकलकलशाभिषेक—सुवर्ण कलश में से सब तीर्थजल द्वारा अभिषेक ९. श्वेतवस्त्र परिमाजंन–सफेद वस्त्र से शरीर पोंछना १०. अरुणदुकुलपरिधानं—लालवर्ण का रेशमी वस्त्र पहिनना ११. अरुण कुचोत्तरीय—लाल रंग की कचुकी १२. आलेप मंडप प्रवेश-सुगन्ध मण्डप में प्रवेश १३. आलेप मण्डप मणिपीठोपवेशनं -सुगन्ध मण्डप के मणिपीठ पर बैठना १४. चन्दनागुरु कुंकुममृगमद कर्पूर कस्तूरी गोरोचनादि दिव्यगन्ध सर्वांग विलेपनं-चन्दन, अगर,

केसर, पुंनाग, कपूर, कस्तूरी, गोरोचनादि दिव्य सुगन्ध का चन्दन के साथ सर्वांग में लेप करना १५. केशभारस्य कालागरुधूप–गीले बालों को काले अगरु के धूप से सुखाना १६. मल्लिका मालती जाति चंपकाशोक शतपत्रपूग कुहली-पुन्नाग-कल्हार-मुख्य सर्वर्तु कुसुममाला- मल्लिका, मालती, जाति, चम्पक, शतपत्र (कमल), सुपारी पुष्प, केले का पुष्प पुन्नाग कल्हार आदि छः ऋतुओं से सुगन्धित पुष्पों की माला अर्पण करना १७. भूषणमण्डप प्रवेशनं–अलंकार मण्डप में प्रवेश करना १८. भूषणमण्डप मणिपीठोपवेशनं–अलंकार गृह में मणिपीठ पर बैठना १९. नवमणि मुकुट–नवरत्न मुकुट धारण करना । २०. चन्द्र-शकल–चन्द्र-कला धारण करना २१. सीमन्तसिन्दूर–माँग में सिन्दूर भरना । २२. तिलक रत्न–रत्न का तिलक करना २३. कालांजन- काला काजल लगाना २४. वालीयुगल–कान में झुमकी पहिनाना २५. मणिकुण्डलयुगलं–रत्नकुण्डल कान में पहिनाना २६. नासा भरणं– नाक में नथनी पहिनाना २७. अधर यावकं–ओष्ठ पर वर्ण लगाना २८. प्रथमभूषणं–मंगल सूत्र पहिनना २९. कनक-चिन्ताकं–गले में हार पहिनाना ३०. पदकं–गले में पदक धारण करना ३१ महा पदकं- नवरत्नमय श्रीचक्र पहिनाना [ऐसा महापुरुष कहते हैं।] ३२. मुक्ता-वली–मोती की माला पहिनाना ३३. एकावली– एक कडी की [नक्षत्र की] माला पहिनाना । ३४. छन्नीवरं - एक विशेष अलंकार पहिनाना ३५. केयूर युगल चतुष्टयम्- हाथ में बाजुबन्ध पहिनाना ३६ वलयावली – चूडियाँ पहिनाना ३७. उर्मिकावली- अंगूठियाँ पहिनाना ३८. कांची-दाम-कमर की करधनी ३९. कटिसूत्र - कंदोरा ४० सौभाग्यावरण (तामिल में अराईमुडी) कंदोरे में पान के आकार का अलंकार धारण करना ४१. पाद कटकं-पैर का आभूषण ४२. रत्ननूपुर - रत्न के झाँझर ४३. पादांगुलीयकम् - पैर की ऊँगलियों की अंगूठियाँ ४४,

एककरेपाशं - एक हाथ में पाश ४५. अन्यकरे अंकुशं - दूसरे हाथ में अंकुश ४६. इतर करे पण्ड्रेक्षुचापं - अन्य हाथ में गन्ने का धनुष (सफेद, लाल, पीला नहीं अपितु तीन रंग वाले गन्ने का धनुष) ४७. अपर करे पुष्पवाण - अन्य हाथ में पुष्पबाण धारण करना (अरविन्द, अशोक, आम्र, मल्लिका, नीलोत्पल) ४८, श्रीमन्माणिक्य पादुके-रत्न पादुका धारण करना ४९. स्वसमान वेषभिरावरणदेवताभिः सह महा-चक्राधिरोहणं - स्वयं के समान ही वेष धारण किये हुए देवताओं सहित, सर्व आवरण देवताओं सहित महाचक्र में अपने-अपने स्थान पर आरूढ़ होना ५०. कामेश्वरांकपर्यंकोपवेशनं - कामेश्वर की गोद में बायीं तरफ बैठना ५१. अमृतासवचषकं - अमृतासव से भरा हुआ पात्र प्रदान करना ५२. आचमनीयं—आचमन करना ५३. कर्पूर-वीटिकां—पान (इलायची, लोंग, भीमसेनी कपूर, केशर, कस्तूरी, नाग-केशर, जायफल, जातिपत्र, सुपारी, खोपरा, सोंठ, करंगाली—इन सब का मसाला करके चूना मिलाकर मेरू जैसा पान बनाना, उसे कर्पूर वाटिका कहते हैं।) ५४. आनंदोल्लास विलासहासं-सन्तोषपूर्ण हास्य ५५. मगलारातिक - मंगल आरती ५६. छत्रं-छत्र ५७. चामर युगल - चामर युगल ५८. दर्पणं - कांच ५९. तालवृन्तं - ताडपत्र का पंखा ६०. गंध - चन्दन ६१. पुष्प ६२. धूप ६३. दीप ६४. नैवेद्य - यह चौंसठ उपचार महासाम्राज्य चक्रवर्तिनी अम्बा के लिये ही हैं अन्य कोई देवता के नहीं हैं।

यह ललितांबिका परचिति स्वरूपा होने से हर एक में स्थित है। षोडश तिथि नित्या स्वरूप स्थित हैं। पंचायतन देवता स्वरूप भी हैं। पंचायतन देवता ही पंचभूत हैं। पंचभूत के बिना कोई भी प्राणी जिन्दा नहीं रह सकता है। जगत की सृष्टि करके उसमें प्रवेश करके यह चित् शक्ति पंचभूत स्वरूप स्थित है। ब्रम्ह से दूसरे स्थान पर

पंचभूत है। ब्रम्ह-शक्ति होने से आवश्यकता पड़ने पर अम्बा पंचभूत द्वारा प्राप्त की जा सकती है। पंचायतन ही चित्‌शक्ति होने से अम्बा के पाँच स्थान हैं। अतः पूजा अद्वैत ज्ञान की इच्छा रखने वालों को अवश्य करनी चाहिए।

वास्तव में ये पंचायतन देवता सगुण एवं निराकार स्वरूप में स्थित हैं। महेश्वर आकाश-भूत स्वरूप, हाथ-पैर इन्द्रियों के बिना, लिंग स्वरूप प्रकट हुए हैं। यह लिंग नर्मदा नदी में मिलते हैं। इसी तरह वायु स्वरूप अम्बा अवयव बिना पीतवर्ण जैसे धातु में स्थित हैं। यह कालाश (कालाहस्ती) में तामिलनाडु में स्वर्णमुखी नदी में मिलते हैं। तेज स्वरूप आदित्य अवयवों के बिना स्फटिक स्वरूप स्थित हैं। गुजरात में खम्भात, दक्षिण देश में तंजाबुर वल्लम् में स्फटिक मिलते हैं। जलभूत स्वरूप विष्णु अवयवों के बिना शालिग्राम स्वरूप हैं। ये नेपाल में गंडकी नदी में से मिलते हैं। भूमिस्वरूप गणपति अवयव बिना शोणभद्र नामक पत्थर स्वरूप में मिलते हैं। यह शोणभद्र मध्य-प्रदेश में नर्मदा किनारे नेमावर में तथा गुजरात में सिनोर किनारे मिलते हैं। शोण नदी में भी मिलते हैं ये पंचभूत जब नाम रूप बिना ब्रह्म में से बाहर आते हैं, तब गुणों के बिना दिखते हैं। गुण मिल जाने से नाम रूप मालूम होते हैं। पर ब्रह्म होने से गुणों और नाम रूप बिना ब्रह्म कहलाते हैं। इससे पंचभूत पंचायतन देवता सगुण तथा निराकार ज्ञात होते हैं। इस कारण से अद्वैत जानने वालों को प्रतिदिन पंचायतन देवता की पूजा करनी चाहिये। स्मार्त कर्म में वर्ष, मास, पक्ष, तिथि नक्षत्र, करण, योग, दिन इत्यादि का संकल्प करना पड़ता है। उसी तरह श्रीविद्या में श्री उपासक को जप-पूजा इत्यादि करते समय देवी-मान अष्टांग के अनुसार सकल्प करना चाहिए। अष्टांग का विस्तार-

युग, परिवृत्त, वर्ष, मास, दिन, नित्या, वासरः घटिकोदय इस तरह आठ अंग हैं। छत्तीस युग हैं। एक युग के ३६ परिवृत्त हैं। एक परिवृत्त के ३६ वर्ष हैं। १ वर्ष में १६ महिने हैं । एक महिने के ३६ दिन हैं। ३० दिन की ३० नित्याएँ है, जिनको दिन नित्या कहते है एवं तिथिनित्या भी कहते हैं। प्रत्येक पचांग में दिन नित्या तिथि के अनुसार ली जाती हैं। तिथिनित्या देवी अष्टांग का भाग नहीं हैं। एक मास=३६ दिन होते हैं। चार सप्ताह होते हैं। एक सप्ताह में ९ दिन हैं इस प्रकार अष्टांग होते हैं। पूजा-जप करते समय प्रत्येक दिन का देवी अष्टांग अनुसार युगादि संकल्प करना चाहिए। इसका विस्तार "घटिकोदय से काल शक्ति विलास" इत्यादि पुस्तकों में देखना चाहिये। मेरे श्रीगुरुनाथ ने "श्रीविद्यानित्याह्निक" ग्रन्थ में यह अष्टांग कैसे बनाना यह बताया है।

दीक्षा

श्री विद्योपासक को अनुभवी गुरु द्वारा दीक्षा लेनी चाहिए। दीक्षा के बिना यह उपासना काम की नहीं है। इस प्रकार तंत्र में बताया गया है। यह दीक्षा ३२ प्रकार से ली जाती है, ऐसा बताया गया है। परशुराम कल्पसूत्र में—क्रिया दीक्षा, शक्ति दीक्षा, शांभवी दीक्षा यह तीन दीक्षा बताई गई हैं। अनुभव प्राप्त किये हुए, सिद्धि प्राप्त किये हुए, अक्रोधी, धन की आशा नहीं रखने वाले, अनेक तंत्रो के तत्वों को जानने वाले, अद्वैत में स्थिर बने हुए शिष्यों के सन्देह को दूर करने में समर्थ, पूजा इत्यादि विषयों के ज्ञाता गुरु के पास से दीक्षा प्राप्त करना चाहिये। कितने ही लोग दीक्षा बिना ही मंत्र प्राप्त करके उपासना करते हैं। इस श्रीविद्या उपासना में श्री गुरु पादुका का स्मरण बहुत प्रमुख है। श्री गुरु पादुका के साथ दीक्षा लेकर श्री श्री विद्या जप-पूजा आदि करना चाहिये। इस प्रकार तंत्रशास्त्र-ज्ञाताओं द्वारा कहा गया है। श्री विद्या के उपासक को श्री गुरु परंपरा का ज्ञान मुख्यत; रहना चाहिये। श्री गुरु, परमगुरु, परमेष्ठि गुरु-इन तीनों के मंत्रों को पहले करके फिर जप-पूजा आदि करना चाहिए।

एक-एक देवता के उपनिषद्, कवच, हृदय मालामंत्र, सहस्र-नाम—ये ५ अंग हैं। श्रीविद्या का ललिता सहस्रनाम ललिताम्बा के अतिरिक्त अन्य देवता के लिये नहीं होता है। यह ललिताम्बा सहस्र-नाम केवल पंचदशी का उपदेश प्राप्त किये हुए व्यक्ति ही कर सकते हैं। बाला मंत्र का उपदेश हुआ हो तो दूसरे पक्ष के रूप में यह सहस्र-

नाम पढ़ सकते हैं। ऐसा महान् पुरुषों का कथन है। इस विषय में विशेष जानकारी हेतु-पूजा, वर्ष में हरेक महीने की पूजा, परशुराम कल्पसूत्र में एवं दूसरी तंत्र पुस्तकों में देखें। चैत्र पूर्णिमा के दिन दमन (भाजी जैसे हरे पत्तों की सुगन्ध वाली होती है।) से पूजन करना माताजी को विशेष प्रिय है। जब परमेश्वर ने कामदेव को भस्म किया तब रतिदेवी अंबा के पास आकर विलाप करने लगीं। उनके अश्रुओं का प्रवाह जमीन पर पड़ा। उसमें से उत्पन्न हुआ वह दमन।

अम्बा का लक्षार्चन करते समय सुगन्धदार फूलों, दमन, बिल्व, लाल फूलों से पूजन होता है। हरिद्रा कुंकुम से सहस्त्रार्चन नहीं होता है। केशर से लक्षार्चन किया जाता है। जिन पुष्पों से लक्षार्चन किया हो उनके १/१० भाग से होम करना चाहिए। लक्षार्चन हर रोज सम संख्या से करनी चाहिए। सहस्त्रनाम से अर्चन करते वक्त एक जाति के पुष्पों से करना चाहिए। षोडश नित्या के सोलह ब्राह्मणों (श्री उपासकों) को तथा आठ श्री उपासक सुवासिनी तथा एक कुमारी अथवा यथाशक्ति एक बटुक (क्षेत्रपाल) की पूजा करनी चाहिए। (बटुक का अर्थ जिसने उपवीत धारण किया हो किन्तु परिणीत न हो वह बटुक कहलाता है।) इन सबको वस्त्र, दक्षिणा इत्यादि यथाशक्ति देकर हर एक की पूजा करनी चाहिए। इससे अधिक श्रीविद्या पूजा विधान की जानकारी स्वयं के गुरु-मुख द्वारा तंत्र के अनुसार ज्ञात कर लेनी चाहिये। संप्रदाय अच्छी तरह जानने वाले को गुरुमुख द्वारा यह सब ज्ञात कर लेना प्रशंसनीय है।

श्रीगुरु

श्री गुरु की महिमा, शक्ति जैसी कोई भी वस्तु नहीं है। श्री दक्षिणामूर्ति ने पृथक-पृथक युग में पृथक-पृथक नाम से अवतार धारण किये हैं। श्री विद्या मोक्ष के लिए ही है। अतः अद्वैत गुरु परम्परा के ज्ञान की अत्यन्त आवश्यकता है। नारायण, ब्रह्मा, वसिष्ठ, शक्ति, पराशर, व्यास, शुक तक पुत्र परम्परा पश्चात् शुक से गौडपादाचार्य-गोविन्दभगवत् पादाचार्य–शंकर भगवत् पादाचार्य यह शिष्य परम्परा चली। अद्वैत परम्परा के गुरुओं ने इस विद्या के प्रचारार्थ परब्रम्ह ने कृतयुग में दक्षिणामूर्ति, त्रेता युग में श्री रामचन्द्र, द्वापर युग में कृष्णावतार, कलियुग में शंकरभगवत् पादाचार्य के रूप में अवतार लेकर, अद्वैतवाद एवं श्री विद्या में भेद नहीं है, दोनों एक ही विद्या है—ऐसा प्रचार किया है। परब्रम्ह शक्ति कामाक्षी के मन्दिर के ऊपर श्री शंकर भगवत्पाद ने नारायण से प्रारम्भ करके अद्वैत आचार्यों की परम्परा बताई है। श्रीशंकर भगवत्पाद द्वारा स्थापित, पंचायतन देवता स्वरूप, पंच आम्नाय स्वरूप, पंचमठ में प्रत्येक शिष्य को अद्वैत एवं श्रीविद्या का ज्ञान प्राप्त करवाने के लिये श्री मेरुयंत्र की प्रतिष्ठा की गई है। जिन्हें वर्तमान में भी देख सकते हैं। इससे अद्वैत विद्या ही श्रीविद्या है ऐसा ज्ञात होता है। अद्वैत परम्परा में निहित श्रीविद्या परम्परा में श्री गुरु मंडल है। कृतयुग में श्रीविद्यानन्दनाथ अथवा चर्यानन्द नाथ, त्रेतायुग में उड्डीशानन्द नाथ, द्वापर में षष्ठीशानन्द नाथ कलियुग में मित्रेशानन्द नाथ गुरु हुए हैं। इसके अतिरिक्त द्वितीय गुरुमंडल में

पर-प्रकाशानन्द से प्रारम्भ करके सात गुरु हुए हैं। सिद्धौघ गुरुमंडल में भोगानन्द नाथ से प्रारम्भ होकर चार गुरु हो गये हैं। मानवौघ मंडल में गगनानन्द नाथ से प्रारम्भ होकर आठ गुरु हुए हैं। अतः दिव्यौघ में परमेष्ठी गुरु, सिद्धौघ में परम गुरु, मानवौघ में गुरु की ऐक्यता की भावना करनी चाहिये। श्री विद्योपासक को स्वगुरु, परमगुरु, परमेष्ठी गुरु का नाम गुरुमंडल में मिलाकर जप करना चाहिये। इन तीनों गुरु एवं अम्बा में कोई भेद नहीं होने से श्रीचक्र में तीनों गुरुओं का स्थान बतलाया गया है। वहाँ उनकी पूजा भी होती है। इन तीनों गुरुओं की परम्परा का ज्ञान बहुत आवश्यक है। लग्न के समय जैसे नपता—पौत्र-पुत्र का ज्ञान होना जरूरी है। पितृकार्य के समय प्रपितामह, पितामह, पितृ-इन तीनों का ज्ञान होना अनिवार्य है। वैसे ही श्रीविद्या में श्री-गुरु की परम्परा का ज्ञान बहुत ही जरूरी है। इस गुरु परम्परा का ज्ञान जिसे न हो वह श्रीविद्योपासक काम का नहीं है।

श्रीगुरु लक्षण—अत्यन्त मनोहर, कोई का खराब न करने वाले, सुमुख सुलभ, सामर्थ्यवान्, अनेक तंत्रशास्त्र इत्यादि तत्व के ज्ञाता होने चाहिये। सुन्दर, सुमुख, दक्ष और सुलभ ये चार गुण शिष्य में भी होने चाहिये। यह न हो तो अनेक प्रकार के लक्षण तंत्रों में बताये गये हैं वह हों। गुरु-वाक्य में शिष्य को निःस्संदेह पूर्ण विश्वास होना चाहिये। आजकल "शिष्यों का द्रव्य कैसे प्राप्त कर लूं।" ऐसी आशा वाले गुरु बहुत अधिक हैं। शिष्य का चित्त (मन) हरण करने वाले गुरु अत्यन्त दुर्लभ हैं। तंत्रों में बताये गये लक्षणों वाले गुरु इस कलियुग में मिलना कठिन है। अतः दीक्षा बिना या मंत्रोपदेश बिना रह सकते हैं? नहीं रह सकते हैं। श्रीगुरु एवं पत्नी जन्म-जन्मान्तर में प्राप्त होते हैं। ऐसा कहा जाता है। इस वाक्य के अनुसार अपने पूर्वजन्म के पाप पुण्य के अनुसार अपने को गुरु प्राप्त होते हैं। इस प्रकार प्राप्त हुए गुरु के

वाक्य में परिपूर्ण श्रद्धा रखने से अपना कुछ भी नुकसान नहीं होता है।

महान गुरु का स्वरूप — अपने मस्तक में ब्रम्हरन्ध्र के बीच सहस्रदल कमल के बीच के बारह कमल पत्र के मध्य अ-क-थ बाहर त्रिकोण में ह-ज-क्ष अक्षरों वाला त्रिकोण है। उसमें मणिमय सिंहासन पर **सत्यमान** श्रीगुरु की पादुका है। इस पादुका का अपने को प्रत्येक जन्म में प्रतिदिन प्रातः काल उठते से ही बिस्तर में बैठकर ध्यान करना चाहिए। इस तरह ध्यान करने से अपनी उपासना अपने को निर्विघ्न आत्म ज्ञान प्राप्त करवाती है। पादुका पंचक से प्रारम्भ करके, श्रीगुरुस्तोत्र करके श्रीविद्या के अनुसंधान में रश्मिमाला के ३७ मंत्रों का मन में स्मरण करना चाहिए। इस तरह एक दिन भी नियम टूटे बिना करने से श्रीविद्योपासक को इच्छित वस्तुएं तथा इहलोक का सुख श्रीदेवी से मांगे बिना ही प्राप्त होता है। इसके पश्चात वेदतंत्र पद्धति से दंतधावन, स्नान, संध्या आदि अनुष्ठान करना चाहिए। यह विधि मेरे श्रीगुरुनाथ ने उनके "श्रीविद्या नित्याह्निक" में विस्तार पूर्वक बतलाई है। उसमें श्रीविद्योपासक के योग्य पारायण क्रम भी बतलाया गया है। श्रीगुरु एवं उपास्य देवता में कोई भेद नहीं है। उनमें भेद-भाव मानने वाले को पाप लगता है एवं उपासना भी सिद्ध नहीं होती है। श्रीगुरु एवं देवी में कोई भेद नहीं है। ऐसा मानने वाले उपासकों को उत्तम भक्ति करने वालों को श्रीगुरु के कहने से अथवा जो विषय नहीं बताये हों ऐसे विषयों का (शास्त्र के विरोध के बिना) आत्म प्रेरणा से स्वयं स्फुरणा से ज्ञान प्राप्त होता है। भक्ति का अर्थ है श्रीगुरु, मंत्र, देवता, यंत्र, प्रपंच, स्वयं इन छः का एक दूसरे के साथ ऐक्य अनुभव होना यही भक्ति है। इस प्रकार ६ रीति के अनुसंधान को (भक्तिरीति अभि-

धीयते) यह भावना मोक्ष का हेतु हैं। अन्तिम जन्म में मनुष्य श्रीविद्योपासक बनता है। "चरमे जन्मनि श्रीविद्योपासको भवेत्।" इस वाक्य की सत्यता ऊपर बताई गई है। करोडों पूजा के समान एक स्तोत्र. करोड़ों स्तोत्र के समान एक जप, करोड़ों जप के समान एक ध्यान, कोटि ध्यान के समान स्वयं देवता हैं- ऐसा समझना चाहिए। जप करके विश्रांति में ध्यान करना चाहिये। ध्यान की विश्रान्ति में जप करना चाहिये। इस तरह जप, ध्यान, पूजा, स्तोत्र करने वालों को मंत्रसिद्धि शीघ्र प्राप्त होती हैं। इसलिए सर्वोत्तम गुरु के पास से दीक्षा प्राप्त करके उसकी आज्ञा के अनुसार पूजा जप इत्यादि शुरु करने वाले को आत्मज्ञान प्राप्त होता है। आत्मज्ञान की प्राप्ति से ही मोक्ष प्राप्त होता है। दृढ़तापूर्वक अभ्यास करने से उपासक को गुरु स्वरूप एवं चित्त शक्ति स्वरूप अंबा का ज्ञान प्राप्त होता है। गुरु के लिए बहुत ही कहा जा सकता है। बुद्धिमान् के लिए इतना पर्याप्त है। विशेष जानने के लिए "गुरु गीता" मेरे गुरुनाथ द्वारा रचित "गुरुतत्व दर्शन" "अजपा विषय" इत्यादि ग्रन्थ देखें। गृहस्थ को सन्यासी के पास से दीक्षा नहीं लेनी चाहिये। गृहस्थ गुरु के पास से ही दीक्षा लेनी चाहिये।

श्री सूक्त

श्री सूक्त यह लक्ष्मी देवी की स्तुति है। श्रीसूक्त ऋग्वेद के परिशिष्ट में है। इस श्रीसूक्त में लक्ष्मी देवी अपना घर छोडकर न जावे एवं घर में स्थिर रहे ऐसी प्रार्थना है। लक्ष्मी देवी ऐश्वर्य प्रदान करने वाली हैं। श्रीविद्योपासक को किसी के पास याचना नहीं करनी चाहिए। अंबा स्वयं ही कल्पवृक्ष है। अंबा कामधेनु चिन्तामणी है। कल्पवृक्ष की आशा रखनी चाहिये। कामधेनु का दूध दोहने के समान अंबा के अनुग्रह की प्रार्थना करनी चाहिए। चिन्तामणी मन में जिस वस्तु का स्मरण करते हैं वह प्रदान करती है। ये तीनों स्वर्ग में हैं। ऐसा पुराण में कहा गया है। अंबा की उपासना करने वाले को इष्ट वस्तु कल्पवृक्ष के समान, कामधेनु सदृश्य एवं चिन्तामणि समान भी प्राप्त होती है। अंबा चिन्तामणि गृह में रहती। श्रीविद्या अर्थात् श्री+विद्या—ऐसा अर्थ भी हो सकता है। श्रीविद्या के पद का लक्ष्य रखने वाली चितशक्ति–ज्ञानस्वरूपिणि, लक्ष्मी एवं सरस्वती अंबा के दोनों ओर चामर स्वरूप सहस्रनाम कहलाते हैं। कल्पवृक्ष, कामधेनु और चिन्तामणि–ये तीनों अलग-अलग होने पर भी एक हैं। गुरु स्वरूप कल्पवृक्ष का आश्रय लेकर कामधेनु स्वरूप विद्या को दोहने से चिन्तामणी स्वरूप ज्ञान प्राप्त होता है। इस लोक में श्रीविद्योपासक की पूजा इत्यादि करने के लिए धन की आवश्यकता है। यह धन सदा अपने पास होना चाहिये। श्रीसूक्त द्वारा अविच्छिन्न रूप से लक्ष्मी की प्रार्थना करनी चाहिये। श्रीपुरं, श्रीचक्रं, श्रीविद्या, श्रीगुरुः,

श्रीसूक्त— इन पांचों में किसी प्रकार का भेद नही है। यदि भेद होता तो श्रीसूक्त की गणना इन पाँचों में नहीं की जाती। श्रीविद्या के १५ अक्षर हैं एवं श्रीसूक्त की १५ ऋचाएं हैं। इन १५ ऋचाओं ने श्री विद्या के १५ अक्षरों का उद्धार किया हो ऐसा लगता है। इस प्रकार मेरे गुरुनाथ का कथन है। अतः श्रीसूक्त श्रीपंचक में समाविष्ट है यह न्यायपूर्ण है। मैंने किसी स्थान पर ऐसा देखा नहीं है अपितु मेरे श्रीगुरु का वाक्य ही प्रमाण है।

श्री सूक्त में 'श्री' पद की लक्ष्मी देवी क्षीर समुद्र में मंथन के समय चन्द्र के साथ प्राप्त हुई। ऐसा पुराण में कहा गया है। इस लक्ष्मी का विष्णु के साथ लग्न किया गया। एक समय लक्ष्मी देवी ने विष्णु पर क्रोधित होकर, श्री शैल में आकर बिल्ववृक्ष के रूप में तप करके, भ्रमरांविका को प्रसन्न करके मल्लिकार्जुनं का अनुग्रह प्राप्त किया। फिर विष्णु एवं लक्ष्मी देवी का समाधान हुआ. ऐसा पुराणों कहा गया है। इसलिये श्री चक्र पूजन में बिल्व पत्र से विशेष पूजन करने को कहा गया है। सप्तऋषि में से कश्यप नामक ऋषि ने तिरुपति वेंकटेश का स्तोत्र करते समय कहा है—

॥ कादि ह्लीमन्तविद्यां या समप्राप्य परदेवतां ॥
॥ कलौ श्री वेंकटेशाख्या भाति तां हृदये भजे ॥

"कादि से ह्लीं पर्यन्त पंचदशी विद्या स्वरूपिणी जो परदेवता है वही कलियुग में तिरुपति में वेंकटेश स्वरूप में स्थित हैं। उनका मैं हृदय में भजन करता हूँ।" अतः धनुर्मास में वेंकटेश बिल्वार्चन होता है। इन पन्द्रह ऋचाओं का दस दिन में ऋषि, छन्द, देवता, न्यास ध्यान के साथ जप करने से सर्वमंगल होता है। इन लक्ष्मी देवी के १८० नाम विशेषतः तंत्र में कहे गये हैं। इन १८० नामों में से एक-

एक आवरण के साथ २० नाम जोड़कर पूजा करनी चाहिये। इस ढंग से श्री विद्या की नवावरण पूजा करने वाले सब मंगल को प्राप्त करते हैं। श्री सूक्त की विधानपूर्वक पूजा करने से वह महापूजा कहलाती है। ऐसा 'त्रिपुरा रहस्य' में कहा गया है।

श्री सूक्त का तत्व श्रीतत्व में अर्तर्निहित है। अपने शरीर में आनन्द स्वरूप विष्णु के गुण रूपी चित्‌रूपिणी लक्ष्मी देवी रहती हैं। इन लक्ष्मी देवी के दोनों ओर ममत्व एवं मद ये दो हाथी हैं। इन हाथियों की सूँड़ में आशा एवं प्रीति स्वरूप दो स्वर्ण कलश हैं। ये कलश तृप्ति रूपी जल से पूर्ण भरे हुए हैं। इस जल से हृदपद्म चितिरूपिणी लक्ष्मीदेवी का अभिषेक करते हैं। इससे आनन्दमय विष्णु ही कामेश्वर कहलाते हैं। चितिरूपी लक्ष्मी देवी ही ललिता देवी हैं। इससे श्री सूक्त एवं ललिता देवी का सम्बन्ध है।

श्री सूक्त की पन्द्रह ऋचाओं में केवल अर्थ संक्षेप में नीचे बताये गये हैं। इस श्रीसूक्त पर श्री विद्यारण्य एवं पृथ्वीधर नामक महापुरुषों ने भाष्य लिखे हैं। इन दोनों भाष्यों को लक्ष्य में रखकर नीचे अर्थ बताये गये हैं।

प्रथम ऋचा—"वेदों में अन्तर्निहित अर्थों से मेरे हृदय में से अज्ञान का नाश करने वाले, विद्या प्रदान करने वाले गुरु मुझे पुरुषार्थ प्रदान करें।" ऐसी गुरु प्रार्थना से प्रथम ऋचा प्रारम्भ होती है 'हे अग्नि ! सुवर्णमय शरीर वाली, हरिणी स्वरूपा, सुवर्ण स्वरूपा एवं रौप्य स्वरूपा होकर पुष्पमाला धारण करने वाली अथवा सुवर्णमय रौप्य मय हार धारण की हुई चन्द स्वरूप प्रकाशित होने वाली सुवर्णमय शरीर वाली, शुभ लक्षण वाली लक्ष्मी देवी मेरे हृदय को आकर्षित करें।"

द्वितीय ऋचा—हे अग्नि! नाश करने वाली, भय का नाश करने वाली लक्ष्मी देवी को मेरे लिये बुलाकर ले आओ। ऐसी लक्ष्मी आकर सुवर्ण, पशु, अश्व, मित्र, पुत्र, सेवक इत्यादि मुझे प्रदान करें।

तृतीय ऋचा—आगे घोड़ें बंधे हुए रथों के पीछे हाथी के शब्दों से अत्यन्त आनन्द प्रदान करने वाली लक्ष्मी देवी को मेरे समीप बुलाओ। ये मेरे समीप रहें।

चतुर्थ ऋचा—वायु एवं मन जहाँ नहीं पहुंच पाते हैं, वहाँ रहने वाली, (ब्रम्हस्वरूपिणी) मन्दहास्यवाली, सुवर्णमय देहवाली, शीत-ज्योति स्वरूपा देवी (नक्षत्र में रहने वाली) (अथवा) रुद्र स्वरूपिणी, तृप्तिवाली, भक्त को इच्छित प्रदान करने वाली, पद्म में स्थिर बैठी हुई, कमलकान्ति देहवाली, ऐसी लक्ष्मीदेवी को बुलाकर लाओ।

पंचम ऋचा—चन्द्र के समान प्रकाशमान्, अतिकांतिमान्, कीर्तिवाली, देवताओं द्वारा पूजिता, सर्वव्यापिनी, हाथ में पद्म धारण करने वाली, काम-कलास्वरूप वाली लक्ष्मी देवी की शरण में मैं हूं। मेरी अलक्ष्मी का नाश करो, ऐसी प्रार्थना करता हूं।

षष्ठो ऋचा—सूर्य के समान देहकीर्ति वाली, है लक्ष्मी देवी! आपके तप के प्रभाव से हाथ में उगे हुए बिल्व वृक्ष के फल में खूब शक्ति उत्पन्न हुई है। ऐसा फल मेरे पास से वाह्य आनन्दस्वरूप दुर्गति रूपी अलक्ष्मी का नाश करे।

सप्तम ऋचा—कुबेर, कीर्ति इत्यादि चिन्तामणि के साथ मुझे रखो, मैं मनुष्य-स्वरूप में जन्मा हूं। यह कुबेर मुझे पहिले से कीर्ति, सर्व सौभाग्य, समृद्धि प्रदान करे।

अष्टम ऋचा—भूख से प्यास से बहुत दु:खी हुआ मैं आपकी जेष्ठा अलक्ष्मी देवी से दु:खी हुंआ हूं। (उसको आशा नहीं रखी है।) अत: हे माता ! द्रव्य बिना, अभिवृद्धि के अभाव रूपी सब दुर्गति मेरे घर में से दूर हो।

नवम् ऋचा—भूमि स्वरूपिणी, चल नहीं सके ऐसी, सदैव अनाज इत्यादि से परिपूर्ण, गोमय से रंगी हुई, सर्व प्राणियों में व्याप्त रही हुई, भूमि देवी स्वरूप लक्ष्मी देवी मेरे पास रहो।

दशम ऋचा—पूर्णमान मन की इच्छा वाला, सन्तोष वाला, सत्यवादी, पशु, भैंस आदि से पूर्ण बहुत दूध दही वाला, भोजन के हर प्रकार के पदार्थ वाला मैं बनूं। ऊपर कहे गये अभीष्ट पदार्थ मेरे पास नित्य रहें।

एकादश ऋचा—हे कर्दम ऋषि ! हे लक्ष्मी पुत्र ! मुझे सहायता करने वाले आप लक्ष्मी देवी के पुत्र हैं, अत: आपकी माता, कमल-पत्र में रहने वाली लक्ष्मी देवी मेरे वंश की रक्षा करें।

द्वादश ऋचा– हे जलाभिमानी देवताओं ! प्रिय कार्य करने दो। लक्ष्मी के पुत्र चिक्लित को मेरे घर में रहने दो। उनकी माता लक्ष्मी देवी मेरे घर में रहें। ऐसा करो। (चिक्लित का अर्थ मन्मथन ऐसा "सूक्तार्थ संग्रह" में कहा गया है।)

त्रयोदश ऋचा—हे अग्नि ! शीतल गुण वाली, कमल फूल वाली, पुष्टि स्वरूप वाली, पीतवर्ण वाली, कमल माला धारण करने वाली, चन्द्र स्वरूप मन वाली, सुवर्णमयी श्री लक्ष्मी देवी को मेरे घर बुलाकर ले आओ।

चतुर्दश ऋचा—हे अग्नि ! भक्त के ऊपर बहुत करुणा करने वाली, हाथ में दण्ड धारण करने वाली, धर्म दण्डस्वरूप वाली, शोभायमान देह की कांति वाली, सुवर्णमय कमल पुष्प की माला पहनने वाली, सूर्य स्वरूपिणी (ऐश्वर्य रूपिणी) स्वर्णवर्ण वाली, श्री लक्ष्मी देवी को मेरे घर बुलाकर ले आओ।

पंचदश ऋचा— हे अग्नि ! मेरे पास समृद्धि, धन पशुओं भैंसों वगैरह, सेवकजन पुत्रों, मित्रों, पत्नियों वगैरह को स्थित रखने वाली लक्ष्मी देवी को बुलाकर मेरे घर ले आओ। (इस सूक्त के अनेक विद्वानों ने भाष्य लिखे हैं।)

फल श्रुति— सूर्य के समान ब्रह्म दिखने वाले, नित्य इन पन्द्रह ऋचाओं को करने वाले, घी में होम करने वाले को ऐश्वर्य प्राप्त होता है। इच्छित वस्तुओं को प्राप्त करने की इच्छा वालों को यह लक्ष्मी देवी की पन्द्रह ऋचाओं का जप करना चाहिये। इस श्री सूक्त द्वारा बुद्धिमान जमीनवाला बनता है। इसके अतिरिक्त श्रीकंठ भाष्य का ज्ञान होता है। श्री रत्नकोश, मंत्रकल्यार्णव इत्यादि ग्रन्थों में श्री सूक्त की भिन्न-भिन्न ऋचाओं के जप, होम, ऋषि, छंद देवता, ध्यान-श्लोक इत्यादि विस्तार से कहे गये हैं। विस्तारभय के कारण यहाँ उल्लेख नहीं किया गया है। इस प्रकार श्री पंचक में वर्णित है।

श्रीपुरं की अच्छी तरह मन में भावना करके, श्रीचक्र की भावना करके, श्रीभास्करराय विरचित भावनोपनिषद् का भाष्य तथा तत्व इत्यादि ज्ञात करके, ऊपर कहे अनुसार अच्छी तरह ज्ञान करके श्री गुरु के उपदेश द्वारा श्रीविद्या के जप के द्वारा श्रीचक्र के मध्य बिन्दु में स्थित श्री ललिताम्बिका चित्शक्ति की आवरण पूजा, पंच पंचिका पूजा, षड्दर्शन पूजा, षडाधार पूजा, षड़ाम्नाय पूजा,

षडन्वीयी शांभवी पूजा, सप्तविंशति रहस्य क्रम पूजा लक्ष्मी के १८० नाम, चण्डी देवी के ३६० नाम की पूजा करके नाम परायण इत्यादि, कवच इत्यादि पाँच अंगों का गुरु-उपदेश के अनुसार करने वाला इस इस जन्म में मोक्ष प्राप्त कर सकता है। अतएव श्री पंचक का ज्ञान सबको, विशेषतः, श्रीविद्योपासकों को अवश्य प्राप्त करना चाहिये। श्री पंचक यहाँ पूर्ण होता है –ऐसा नहीं ससझना चाहिये। समुद्र जल में से बिन्दु के समान यह ज्ञान लिया गया है अतः संक्षेप में लिखा गया है। अतः मुझे ज्ञात न हो ऐसी त्रुटि रही हो तो ज्ञानी, अनुभवी, तंत्रक एवं श्रेष्ठ उपासक उन दोषों के लिए मुझे क्षमा करके जल में दूध भरा है, उसमें से दूध ग्रहण करें – वैसे ही सारान्वेषण करके मेरे ऊपर अनुग्रह करें ऐसी विनम्र प्रार्थना करता हूँ। यह कार्य श्री गुरु स्वरूपिणी कामाक्षी के लिए सन्तोषकारी बने।

॥ श्री गुरुर्जयति ॥

संख्या शास्त्र

संख्याशास्त्र वररुचि द्वारा बनाया गया है। वररूचि चार हो गये हैं उनमें कौनसे वररूचि ने संख्याशास्त्र बनाया है, यह निश्चित नहीं कहा जा सकता है।

एक वाक्यकार वररूचि हो गये हैं ऐसा ज्ञात होता है। इन्होंने पंचांग गिनती में २५६ वाक्य लिखे हैं ये वाक्य संख्याशास्त्र को ध्यान में रखकर रचे गये हैं। वाक्यकार वररूचि ही संख्याशास्त्री वररूचि हो ऐसा लगता है।

संख्याशास्त्र का उपयोग महापुरुषों ने किया है। देवी स्वरूप भास्करराय ने भी अक्षर संख्या में गिनती के समय ५७६ यह "तीर्थात्मा' शब्द बताया है। ती=६, र्थ=७, त्मा=५ बांयी तरफ से गिनने से ५७६ होता है। अतः संख्याशास्त्र प्रमाणभूत है।

संख्याशास्त्रानुसार मैंने कई विषयों पर लिखा है। अभी-अभी श्रीविद्या– इन तीन अक्षरों से— योग करके, गुणाकार करके, भागाकार करके १४२ की संख्या श्रीविद्या के सम्बन्ध में अनेक विषयों में ज्ञात होती है। श्रीविद्या अर्थात् १४२। इसे बदलने से २४१ होता है। इसमें २४+१= २५, अर्थात् मेरु का नाम होता है।

१+४२= ये ४३ त्रिकोण श्रीचक्र के होते है । ४×२=८+१=९ नवावरण, मेरु मंत्र के नवाक्षर होते हैं ।

श्रीचक्र के नवकोण होते हैं । ४+१=५ ये शक्ति चक्र तथा चार शिवचक्र वताते हैं । १=विन्दु, २+१=३ त्रिकोण, ४×२=८ अष्टकोण (अष्टार) १४−४=१० दशकोण, ये अन्तर्दशार बताते हैं । ४×२=८ अष्टदल वताते हैं । १४+२=१६ अर्थात् षोडशदल बताते हैं । २+१=३ त्रिवलय एवं भूपुरत्रय बताते हैं । २४+१=२५ पंच पंचिका वताते हैं । ४+२=६ षड्दर्शन, षडाधार षडाम्नाय, षडन्वयी, शांभवी इत्यादि वताते हैं । ४२+२=४४ चतुश्चत्वारिंशत् मंदिर की पूजा बताते हैं । १४+२=१६ ये नित्याषोडशिकाएँ बताते हैं । ४+२=६+१=७ दिव्यौघ वताते हैं । ४+सिद्धौघ बताते हैं । ४×२=८ मानवोध बताते हैं । ४×२=८×८=६४ चौंसठ उपचार पूजा वताते हैं । २४+१=२५+२=२७ सप्तविंशति रहस्य क्रम पूजा वताते हैं । १=मूलमंत्र, ४+२=षडङ्गशक्ति देवता, १२=परौघ १४२+४×२=१५०+१+२=१५३ पूरे आवरण देवता वताते हैं ।

श्री भास्करराय ने इस शंकराद्वैत मतको, अभेद को, श्रीविद्या को, रज्जु सर्प न्याय से; विवर्तवाद द्वारा प्रतिपादित किया है । वे शास्त्र संबंध, तंत्र सम्बन्ध, वेद सम्बन्ध में अतीव प्रवीण थे । "वरिवस्या रहस्य" में पंचदशी मत्र का हिसाब, मात्रा इत्यादि विशेष बतलाया गया है । सूर्य की तपस्या करके पुत्री को पुत्र के स्वरूप में बदला है । उन्होने कृष्णा नदी पर तप किया था । भगवती के अनुग्रह द्वारा ऐसे बहुत से अलौकिक कार्य किये हैं । बहुत से स्थानों पर श्रीचक्र की प्रतिष्ठा की है । उनके अन्त समय में वे कावेरी नदी के किनारे मध्यार्जुन में रहते थे । तब एक सन्यासी उसी मार्ग पर से

मध्यार्जुन के दर्शनार्थ आते थे। जब सन्यासी उनके घर के समीप आते तब श्री भास्करराय ओटले से उठकर घर में चले जाते थे। सन्यासी को बहुत दुःख होता था कि श्री भास्करराय सन्यासी का सम्मान नहीं करते है। अतः सन्यासी कहते थे कि श्री भास्करराय गर्वी हैं। श्री भास्करराय हमेशा महापुरुषों के साथ बहुत मर्यादा से रहते थे। एक बार प्रदोषकाल में मध्यार्जुन क्षेत्र में बहुत से मनुष्य दर्शनार्थ उपस्थित हुए थे। तब देवी स्वरूप भास्करराय को सन्यासी ने प्रत्यक्ष बहुत अपशब्द कहे। तब श्री भास्करराय ने सन्यासी से कहा कि "आप दण्ड एवं कमण्डलु एक स्थान पर रखियेगा ताकि मैं उन्हें वदन कर सकूं।" इस प्रकार सन्यासी ने दण्ड एवं कमंडलु एक स्थान पर रख दिये। उनको श्री भास्करराय ने प्रणाम किया। तब दंड एवं कमंडलु के टुकड़े-टुकड़े हो गये और हवा में उड़ गये। यह दृश्य देखकर सन्यासी वहाँ खड़े ही नहीं रहे और वहाँ से चले गये।

ऐसा होने का कारण यह था कि श्री भास्करराय (गुरु के अनुग्रह से) महाषोढ़ा न्याय नियमित करते थे। इस तरह श्री भास्कर-राय के समान श्रीविद्योपासक किसी को वंदन नहीं करते हैं। किन्तु वर्तमान में जो उपासक प्रातः काल में बाला, मध्याह्न में पंचदशी एवं सायंकाल में षोडशी का उपदेश लेते हैं एवं "मैं श्री विद्योपासकी हूं" ऐसा कहते-फिरने वाले इस तरह छाती ठोककर कहते हैं कि हम किसी को वंदन नहीं करते हैं। ऐसे मनुष्यों को भगवती ने ही बचाना चाहिये।

"परशुराम कल्पसूत्र" में कहा गया है कि गुरु-पुत्र, गुरु-पत्नी, ज्येष्ठ दीक्षा भ्राता, तथा स्वयं में वय में बड़े हो उन्हें प्रणाम करना चाहिये

एक समय मेरे गुरुनाथ के साथ एक श्रीविद्योपासक आये (जो कि उम्र एवं दीक्षा में वड़े थे), उस समय मैंने मेरे गुरुनाथ को प्रणाम किया। उन महापुरुष को प्रणाम नहीं किया। क्योंकि गुरु पास हैं तब अन्य किसी को वन्दन नहीं करना चाहिये। इस प्रकार समझकर उन महापुरुष को मैंने प्रणाम नहीं किया। उन महापुरुष को मन में थोड़ा दुःख हुआ। मुझे देखकर उन्होंने कहा कि "तुम उपासना का विषय जानते हो। तुम्हारी योग्यता मुझे अच्छी और उचित लगी। तुम अच्छे उपासक हो। फिर भी श्रीगुरु के सान्निध्य में कोई महान पुरुष हो, तब श्रीगुरु को वन्दन करके उस महान् पुरुष को वन्दन करना चाहिये, ऐसा तुमने नहीं किया। अतः मेरे मन में थोड़ा दुःख होता है।" मैंने तुरन्त उन महाशय को देखकर कहा— "श्रीविद्योपासक का धर्म तो आप अच्छी तरह से जानते ही हैं। आप पचास-साठ वर्षों से उपासना करते हैं। आप अनुभवी है। अतः उपासक आचरण मैं आप को बताने में असमर्थ हूं। आपको मालूम ही है। अतः मैंने नमस्कार नहीं किया"। मेरे इस प्रकार कहने पर उन्होंने कहा कि— "आप कहते हो वह, बराबर है। फिर भी विषय जानकर मुझे प्रणाम नहीं किया, अतः मुझे थोड़ा दुःख हुआ।" मैंने गुरुनाथ की ओर देखा। उन्होंने संकेत द्वारा मुझे उन महापुरुष को प्रणाम करने कहा। अतः मैंने तुरन्त उन्हें नमस्कार किया। इसमें उन्होंने परम प्रसन्नता से मुझमें कहा कि— तुम अच्छे रहोगे। भगवती तुम पर अत्यधिक अनुग्रह करेगी। तुम्हारी परीक्षा लेने को मैंने इस तरह कहा था।" ऐसा कहकर उन्होंने मुझपर पूर्ण अनुग्रह किया। तब मेरे गुरुनाथ ने कहा कि—

यत्रैव यत्रैव शिरो मदीयं, तत्रैव तत्रैव पदाम्बुजं ते।
यत्रैव यत्रैव मनो मदीयं, तत्रैव तत्रैव तव स्वरूपम्॥

अर्थात् जहां-जहां मेरा मस्तक झुकता है, वहां-वहां भगवती के पादाँबुज हैं। जहां-जहां मेरा मन जाता है, वहां-वहां गुरु एवं देवो का स्वरूप है।

भास्करराय ने दो विवाह (लग्न) किये थे। पहली पत्नी आनन्दवल्ली जिनका दीक्षा-नाम पद्मावती था। मध्वसन्यासिनी के साथ विवाह करके उसको हराकर उसके भाई की पुत्री के साथ दूसरी शादी की, वह पत्नी पार्वती थी। तंजावर के महाराजा ने भास्करराय को एक गाँव सर्वमान्य में दिया था। मध्यार्जुन के महादान मुहल्ले में रहते थे। वह घर "भास्कर घर" के नाम से आज भी प्रसिद्ध है। मध्यार्जुन में वे रहते थे, इस कारण मेरे मत से मध्यार्जुन यह दर्शाता है कि श्रीविद्या ब्रह्मविद्या एक ही हैं। मध्यार्जुन कावेरी के किनारे तंजावर के समीप हैं। कावेरी एवं श्रीविद्या दोनों सम्बन्धित है ऐसा संख्याशास्त्र की दृष्टि से मुझे लगता है।

एक समय भगवत् पाद मध्यार्जुन क्षेत्र में प्रचार कर रहे थे। तब मध्यार्जुन के समीप तीर विषयी निर्लूर (गाँव का नाम अथवा व्यास काशी—जहाँ रहने वाले, गतवर्ष निर्वाण प्राप्त करने वाले, महा-पंडित काशीराज के श्रीगुरु ब्रह्मर्षि राजशास्त्री का जन्मदेश—तीरविषयीनिर्लूर) ग्राम में महान् पंडित एवं शास्त्रज्ञ रहते थे। वे अद्वैत मत को नहीं मानते थे। उस समय मध्यार्जुन क्षेत्र में ज्योर्तिमय महालिंग ने स्वयं का दाहिना हाथ ऊंचा करके बताया और तीन बार कहा कि "सत्यं अद्वैतम्, सत्यं अद्वैतम् सत्यं अद्वैतम्।" ऐसा कहने से वहाँ मूकाम्बा भगवती के सम्मुख, अत्यन्त प्रभाव से श्रीविद्या महत्ता प्रतिपादित करने के लिए एक मेरु है। ब्रम्हविद्या ही श्रीविद्या, श्रीविद्या ही अद्वैत विद्या— इस दृढ़ निश्चय से कावेरी के तीर मध्यार्जुन में भास्करराय रहते थे।

कावेरी की विशेषता— अगस्त्य ऋषि ने लोपामुद्रा के साथ लग्न किया था। लोपामुद्रा जन्म से पुरुष रूप थी किन्तु श्रीविद्या की उपासना करने से वह भगवती स्वरूप हुई। उनकी पुरुषत्व की मुद्रा मिट गई। वे स्त्री रूप हो गई। अत: उनका नाम लोपामुद्रा हो गया— ऐसा मेरे गुरुनाथ बतलाते थे। ये लोपामुद्रा हादिमत की अधिष्ठात्री हैं। कावेरी के साथ अगस्त्य मुनि का लग्न हुआ था। श्रीविद्योपासक की पत्नी श्रीविद्योपासक होनी चाहिए। भास्कर= २१४, कावेरी= २४१, श्रीविद्या= १४२, । श्रीविद्या की संख्या बदलने से कावेरी की संख्या होती है। अत: अगस्त्य ऋषि ने कावेरी के श्रीविद्या स्वरूप होने से उसके साथ लग्न किया। यह कावेरी मध्यार्जुन क्षेत्र में प्रवाह स्वरूप बहने से कावेरी के तीर पर भास्कर राजपुरं स्थित है।

श्रीविद्या में, मेरुमंत्र में न हो, ऐसी कोई विद्या नहीं है। जिस तरह हस्तिपाद से बढ़कर कोई पैर नहीं है, उसी तरह कावेरी किनारे स्थित मंदिरों का हिसाब नहीं है। कावेरीतट पर स्थित मंदिर अतुलनीय हैं। अत: भास्कररराय मध्यार्जुन क्षेत्र में कावेरी प्रवाह के के समीप ९६ वर्ष की आयु में पुनर्जन्म के बिना सच्चिदानन्द ब्रम्ह-शक्ति स्वरूप श्रीराजराजेश्वरी देवी के चरणों में लीन हुए। भास्कर राजपुरं में उनकी दूसरी पत्नी पार्वती देवी ने इनका तथा आनन्द-वल्ली का एक मंदिर बनाया है। (लगभग ३०० वर्ष पहिले) अभी-अभी भास्कर राजपुरं में नारायण स्वासी अय्यर एवं रामचन्द्र अय्यर ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया है। ऐसा कहते है कि वहाँ एक घर में वे पूजा करते थे उसमें स्फटिक मेरु एवं भगवती की मूर्ति है। राजाओं ने भास्कररराय को धनधान्य जमीन दी थीं। वह अब कहाँ है? किसके पास है? इसकी जानकारी नहीं है। वे जिस घर में रहते थे वह घर अब धराशायी हो गया है।

।। सर्व शिव शक्तिमयं जगत् ।।

"नमो भगवत्यै श्रीचन्द्रशेखर मूर्तये।
सच्चिदानन्द रूपिण्यै स्वात्मबोध प्रपूर्तये।"

चराचर आत्मावान् प्रपंच शिव शक्तिमय है। शिव के बिना शक्ति नहीं है। शक्ति के विना शिव नहीं हैं। शिव-शक्ति का भेद नहीं बताया जा सकता है सूर्य एवं उसकी किरणें [प्रकाश], चन्द्र एवं चांदनी साथ-साथ होते हैं। उसी तरह शिव-शक्ति भेद रहित साथ-साथ हैं।

चराचर आत्मज्ञान प्रपंचपूर्णतया शिव शक्ति में निहित है। ऐसा ज्ञान हमको होना चाहिए। सब देखते हुए शिव-शक्तिमय है, ऐसा प्रतीत होता है। यह भी वास्तविक ब्रह्म ज्ञान है। यह अनुभव की वस्तु है, ऐसा महापुरुषों का कथन है यह भी मुक्ति का कारण है— यह ज्ञान दृढ़ हो, तब जन्म मृत्यु नहीं होते। यह ज्ञान प्राप्त करने के लिए अनुभवी महान् पुरुषों ने हमें अत्यन्त सुलभ मार्ग बताये हैं। हम प्रति दिन जो शुभ काम करते हैं, वह शिव-शक्तिमय है। ऐसा ज्ञान होने के लिए अनेक मार्ग हैं। इस प्रकार अनेको अनुभवी ज्ञानी पुरुषों ने बताया हैं।

सर्व प्रथम हम पूजा करते हैं, उस विषय में विचार करें। पूजा में घी एवं तेल का दो दीप होते हैं। ये दो दीप शिव-शक्ति

स्वरूप हैं।तेल-दीप शक्ति का स्वरूप है। अतः तेल-दीप में लाल रंग की वर्ती रखनी चाहिये। घी का दीप शिव स्वरूप होता है, उसमें सफेद वर्ती रखना चाहिए।शिव का अर्थ है सफेद, शक्ति का अर्थ लाल– ऐसा शास्त्र में कहा गया है। तेल-दीप में तिल का तेल प्रयुक्त करना चाहिये। [तिल का अर्थ तिल्ली होता है।] संख्या शास्त्रानुसार ति=६ ल=३ अर्थात् ३६ होता है। सख्या शास्त्र में अक्षरों का हिसाब वाम भाग से करना चाहिये। इस ३६ का अर्थ ३६ तत्व होता है। तत्व भूमि से प्रारम्भ होकर शिवपर्यंत ३६ हैं। इस तरह शिव-शक्ति इन ३६ तत्वों पर आधारित हैं। तत्वों में शिव-शक्ति निहित हैं। कभी शिव का प्राधान्य होता है, तो कभी शक्ति का प्राधान्य होता। ऐसा प्रतीत होने पर भी यह शिव-शक्ति दोनों समप्रधान, समसत्व स्थित है। इस तरह होने पर भी शक्ति ही प्रपंच का कारण दिखाई देती है। ऐसा उपनिषदों ने कहा है। इस शक्ति का ज्ञान सरलता से प्राप्त नहीं होता है। तिल को पीलने पर तेल निकलता है। उसी तरह तत्वात्मक प्रपंच का ज्ञान प्राप्त करने के लिए गुरु द्वारा अच्छी तरह उपदेश लेने एवं तत्व में जीवन देखने से शक्ति-ज्ञान प्राप्त होता है। यह शक्ति गति स्वभाव वाली होने से लाल वर्ण की होने से इसका प्रतीक तिल का तेल भी लाल वर्ण का है अन्य दूसरे तेल भी होते हैं। परन्तु दीप में तिल का तेल ही होना चाहिये। अपनी बांयी तरफ घी का दीप शिव का प्रतीक है। दाहिनी तरफ तेल का दीप शक्ति का प्रतीक है। शिव-शक्ति अर्धनारीश्वर स्वरूप होने से उन्हें जुदा नहीं किया जा सकता है। ऐसा शास्त्र का कथन है। अर्धनारीश्वर स्वरूप अपनी बाये ओर शक्ति एवं दाहिनी ओर शिव हैं। इस घी को संस्कृत में आज्यं (आयुः) कहते हैं, घृत कहते हैं। आयु अर्थात् आयुः। संख्याशास्त्रानुसार= १०/१० का अग्निकला से है। अग्नि जिस प्रकार सब को जलाकर भस्म बना

देती है उसी तरह आज्य में शिव स्वरूप में निहित अग्नि जलाकर भस्म कर देती है। इस शिव का नाम ज्ञान बताता है, अतः शिव ज्ञान कहलाता है। इससे अम्बा को सहस्रनाम में "शिवज्ञान प्रदायिनी कहा गया है। इसे मन में रखकर गीता के आचार्य श्री कृष्णार्जुन ने– 'ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते अर्जुन।" कहा है।

ज्ञान यह संख्या शास्त्रानुसार ०० (दो शून्य)। व्यवहार में जिस तरह दूध में से घी निकाला जाता है उसी तरह शिव ज्ञान जानने के लिए मन सत्व गुण से परिपूर्ण होना चाहिए। सत्व का वर्ण सफ़ेद है। गाय का दूध दुहा जाता है उसी तरह प्रपंच में सत्वगुण भी धवल है। फिर जैसे दूध बराबर गर्म किया जाता है, वैसे ही सत्वगुण को तप द्वारा गर्म किया जाता है। गरम दूध ठंडा करके उसमें थोड़ा दही मिलाकर जमाया जाता है। जमा हुआ दही मथकर मक्खन निकलता है उस मक्खन का वर्ण श्वेत है, (मक्खन का अर्थ सफेद वर्ण का घी) उसे 'नवनीत' कहते हैं। नवनीत अर्थात् नया लाया हुआ। रूप बिना के शिव को नया रूप दिया गया है, वह नवनीत कहलाता है। मक्खन अच्छी तरह से गर्म करने से घी होता है। वैसे उपासक भी तप करके दृढ़ वैराग्य द्वारा, अभ्यास द्वारा, साधना में शरीर तापकर, तप द्वारा शिव स्वरूप होता है। इस तरह सत्वगुण तप द्वारा उपासक के शरीर को शिव स्वरूप बनाता है। शिव ही अंतिम स्वरूप है। उसका अन्य रूप नहीं। दूध का दही बनाकर, मक्खन बनाकर, गरम करके घी बनाने के बाद अन्य कोई परिणाम नहीं होता हैं। यह घी कभी घन या प्रवाही दीखता है। परन्तु अन्य कोई परिणाम नहीं होता है। अतः महान पुरुष घी को शिव कहते हैं। ये दोनों दीपक शिव-शक्ति का ज्ञान प्रदान करते हैं। केरल में तिरूचुर के मंदिर में शिव का घी द्वारा अभिषेक किया जाता है।

शिवलिंग के दर्शन नहीं होते हैं। परन्तु अभिषेक किया हुआ घी ही दिखाई देता है। यह घी ही शिव समान दिखता है।

पूजन में रक्त चंदन एवं श्वेत चन्दन लिया जाता है। रक्त चंदन शक्ति के लिए एवं श्वेत चंदन शिव के लिए प्रयुक्त होता है। सफेद में भीमसेनी कपूर-केशर मिलाने से (भीमसेनी कपूर अर्थात् शिव एवं केशर अर्थात् शक्ति) शिव-शक्ति कहलाता है। शिव असीम समुद्र के समान है। इस शिव को शक्ति द्वारा बांधा जा सकता है। समुद्र में जहाज नहीं रोका जा सकता है। जहाज को रोकने के लिए समुद्र में एक स्थान पर लंगर डालना पड़ता है। उसे बन्दरगाह कहते हैं। इस समुद्र में बने बन्दरगाह पर ही जहाज बांध सकते हैं। अन्य स्थान पर जहाज नहीं बांध सकते हैं। उसी तरह शक्ति में जो बंधा हुआ है, उसे ही शिव कहते हैं। (व्यवहार में) सरकार द्वारा निर्मित मकान लाल रंग से बने हुए होते हैं। वे शक्ति स्वरूप होते हैं। बिना किनारी की धोती नहीं पहिनना चाहिए, ऐसा धर्मशास्त्र कहते हैं। सफेद धोती की कोई भी रंग की किनारी होनी चाहिये। अपने घरों पर विशेष पर्व पर रांगोली बनाते हैं। वैसे ही शिव-शक्ति के ज्ञान के लिए शिवत्व को शक्ति द्वारा बांधा गया है, ऐसा ज्ञात होता है। संक्रांति (मकर) के समय घरों में लाल-सफेद रंग की राँगोली बनाते हैं। मंदिरों में जलाशयों लाल-सफेद रंग से अलंकृत किया जाता है। इस सब प्रपंच में शिव शक्ति का स्वरूप है ऐसा ज्ञान अपने को होना चाहिये। ऐसा महापुरुषों द्वारा पूर्व कथित है।

यह सब दिखाई देता है, वह उमा रूप है, "अव्यक्तं तु महेश्वरः" ऐसा 'सूर्य संहिता' में कहा गया है। 'जो स्पष्ट दिखता है,

वह सर्व शक्ति है। जो अव्यक्त अथवा छुपा हुआ है, वह शिव है।' ऐसा अर्थ होता है। उमा के संवन्ध में विचार करें। अंबा शिव की प्राप्ति के लिए तप करती थी। तब उसकी माता मेना द्वारा "उ= रोना मा= नहीं रुदन छोड़ दो, तप द्वारा शरीर मत बिगाडो' इस प्रकार कहे जाने से 'उमा' नाम कहलाया। कवि कालिदास ने कहा है कि यह अर्थ वहुत ही सामान्य है। महान् नीलकंठ दीक्षित के अनुसार— "ओमित्युमेतियुवयोः अभिधानं एकम्" इस प्रकार कहा है। जो भिन्न नहीं हो सकें, ऐसे अभिन्न शिव-शक्ति को देखकर ऐसा कहा गया है।

शिव कहने से ब्रह्म को "तस्य वाचकः प्रणवः" ऐसा शास्त्रीय ढ़ंग से प्रणवः अर्थात् अलग-अलग प्रकार से शक्ति को 'ब्रम्हशक्ति' कहते हैं। 'उमा' कहते हैं। अर्थात् 'प्रणव' एवं 'उमा' एक ही हैं। 'ओम् अर्थात् उमा-- दोनों एक ही हैं। अकार+उकार+मकार= प्रणव को पृथक करना होता है। प्रथम अकार को अन्त में मिलाने से उकार+मकार+अकार =उमा होता है। यह ब्रह्म शक्ति है। यह ब्रम्ह शक्ति ही जड़ मेना का संसार है। ऐसा कहना योग्य होगा। मेना का संसार किस तरह भिन्न किया जा सकता है, यह देखें"- हि निश्चयेन मायालयं प्राप्नोति यत्र सः हिमालयेति प्रोक्तः। स्वानुभूत्या महात्मभिः तीरमानं मया।" किस स्थान पर है उसका नाम हिमालय है। यह अर्थ मन में धारण करके ही कालिदास ने अंबा के अनुग्रह से, पूर्णतया अनुभव द्वारा 'कुमार सभव" के प्रथम श्लोक में कहा है— "अस्त्युत्तरस्यां दिशि देवातात्मा, हिमालयो नाम नगाधिराजः।" देवतात्मा(अर्थात् जड़ शक्ति नहीं) ऐसा हिमालय कहलाया है। "मेनेति निश्चिता बुद्धिः मेनेत्येवं प्रकीर्त्यते" इस तरह तू नहीं' ऐसा कहने जो बुद्धि उत्पन्न होती वह ही मेना है।

